तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 81,451.01 निफ्टी 24,750.70

सोना 98,010 चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, सोमवार 2 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 2 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इन्कार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी, लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा।

## मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसम्बर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हुआ जासूसी नेटवर्क

## पाक से हुए यूपीआई, हवाला लेनदेन से पकड़े गए 12 जासूस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नौ आतंकी ठिकाने तबाह होने पर पाक ने भारत में एक्टिव किए थे जासूस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के 12 जासूसों तक आखिर खुफिया एजेंसियां कैसे पहुंचीं? इस सवाल का जवाब चौंकाने वाला है।

इन एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जब भारत ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, तभी बौखलाए पाक ने भारत में अपने सभी जासूस एक्टिव किए। उनसे सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से भारतीय सैन्य ठिकानों, सेना के मूवमेंट्स, सैन्य बेस, एयरबेस की संवेदनशील जानकारियां मंगाना तेज कीं। इसके लिए इन्हें पाकिस्तान से पे-पल पेमेंट एप, ऑनलाइन गैंबलिंग एप, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, हवाला, यूपीआई और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक मिले। सीजफायर के बाद भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर वे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन नंबर आए, जो लड़ाई के दौरान लगातार एक्टिव थे और आईएसआई उनसे संपर्क में थी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से भारत में हुए हवाला, यूपीआई और बिटकॉइन ट्रांजेक्शन की जानकारी डार्क वेब पर मिली। इन ट्रांजेक्शन्स की पड़ताल में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा, अरमान, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, मोहम्मद मुर्तजा अली, सुखप्रीत सिंह, करनबीर सिंह, नोमान इलाही, हारून, तुफैल, सुखदेव सिंह गोहिल, शहजाद और मोतीराम जाट की जानकारी मिली। गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी दी गई। यदि कार्रवाई में जरा भी देरी होती, तो जासूस भाग सकते थे। इसलिए तय हुआ कि जो जासूस जिस राज्य का है, वहां की जांच एजेंसी को पकड़ने की जिम्मेदारी दें। नतीजा इन 12 समेत 15 पकड़े गए।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश, छाया अंधेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 76 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। रविवार शाम को दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

शाम करीब 5 बजे 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई जगहों पर हल्की से मध्यम और भारी बारिश भी देखने को मिली है। शाम को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। कई जगहों पर तेज आंधी की वजह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के लिए पहले ही अलर्ट जारी किया था। दिल्ली के प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्रों में भी 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं दर्ज की गईं। कई जगहों पर पेड़ों के टूटने और वाहनों को नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कई इलाकों में बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। दिल्ली के पालम, झरोदा कलां, सफदरजंग समेत कई इलाकों में शाम करीब 4.30 बजे 37 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं दर्ज की गईं।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में बनी सहमति

**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है।



## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। अब्बास अंसारी ने 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीत दर्ज की थी, जब सुभासपा का समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन था।

## नौ दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

### 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस, बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखन






## डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना हो सकती है, आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारा 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।

दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पूर्व कोर्ट ने अन्य मामले जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना। दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने एक महिला के उत्पीड़न और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और ससुराल वालों को बरी करने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए बरी कर दिया था।




## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में झील में डूबने से चार किशोरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के चाकन के पास एक झील में शनिवार को तैरते समय चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने आज इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कल शाम को चारों शव पझर झील से बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार कल तैरते समय लड़के झील की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। जब वे घर नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने अधिकारियों को सूचित किया। पीड़ितों की पहचान ओमकार बाबासाहेब हांगे (13), श्लोक जगदीश मानकर (11), प्रसाद शंकर देशमुख (11) और नैतिक गोपाल मोरे (12) के रूप में हुई है। ये सभी मेदंकरवाड़ी के रहने वाले थे। वे प्रवासी श्रमिकों के परिवारों से थे और रोजगार के लिए चाकन में आए हुए थे। पुलिस के अनुसार झील के किनारे लड़कों के कपड़े और जूते मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय निवासी, चाकन पुलिस और ट्रेकिंग समूह बचाव प्रयासों में शामिल हुए और शाम तक चारों शव बाहर निकाल लिए गए।

### कर्नाटक में मछली पकड़ने पर दो माह का प्रतिबंध

**कारवार।** कर्नाटक के तटीय इलाकों में मछली पकड़ने पर दो महीने का वार्षिक प्रतिबंध लागू हो गया है। इसका उद्देश्य समुद्री संसाधनों का संरक्षण करना और मानसून के मौसम में मछलियों की संख्या में वृद्धि करना है। एक जून से 31 जुलाई तक के प्रतिबंध के दौरान हालांकि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर निर्भर हजारों मछुआरों की आजीविका के नुकसान की आशंका के कारण नाव मालिकों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के नेताओं ने सरकार से इस अवधि के दौरान प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करने का आग्रह किया है। प्रतिबंध के तहत ट्रॉल बोट और पर्स सीन जहाजों के संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि केवल पारंपरिक, गैर-मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में जाने की अनुमति है। कारवार में, नाव संचालकों ने प्रतिबंधों का पालन करते हुए अपने जहाजों को बैथकोल बंदरगाह पर लंगर डाला है।

### पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव (65) मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के पॉलिटेक्निक के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

# उप्र की चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

**सांसद और विधायक की ही तरह आम जनता चुनेगी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सांसद और विधायक की ही तरह यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी सीधे जनता से कराने पर मंथन कर रही है।सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार जल्द ही इस बारे में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। माना जा रहा है कि अगर केंद्र ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया, तो आगामी पंचायत चुनाव में ही इस नई चुनाव प्रक्रिया को लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह अधिकारियों को निर्देशित करें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव तैयार कर इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाए जिससे समय रहते इसकी तैयारी की जा सके। राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और जल्द ही प्रस्ताव केंद्र को भेजने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। राजभर ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर भी इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कृष्णा बोले: सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं।



बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं- अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था- को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शनिवार को पूरे दिन प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार होने की अटकलें लगती रहीं। देर शाम तक प्रशांत कुमार द्वारा डीजीपी पद का कार्यभार नहीं छोड़ने पर इन अटकलों को बल मिलता गया, हालांकि रात करीब आठ बजे राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी गई। देर शाम प्रशांत कुमार, राजीव कृष्णा और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें पुलिस विभाग की काफी टेबिल बुक भेंट की। वर्ष 1989 बैच के शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, वर्ष 1990 बैच के संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्य, एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा और पीयूष आनंद। बता दें कि राजीव कृष्णा प्रदेश के पांचवें कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं।

### यूपी में नए डीजीपी के सामने हैं बड़ी चुनौतियां: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में कानून का राज ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण के सामने कानून व्यवस्था को सुधारने में बड़ी चुनौतियां आएंगी। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग व सक्रियता जरूरी है। वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए किन्तु इसके ग्रोथ इंजन बनकर उभरने के बजाय ज्यादातर अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर निगेटिव चर्चाओं में रहना क्या यह जन व देशहित में उचित है।

## अमित शाह ने कोलकाता में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# 'दीदी' सरकार का समय अब हुआ समाप्त

कोलकाता, वार्ता



**कहा: अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा यहां सत्तारुढ़ होगी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जबरदस्त निशाना साधा और कहा कि राज्य में ममता दीदी की सरकार का समय समाप्त हो गया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारुढ़ होगी।

शाह ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिसा मुक्त चुनाव में राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी और वर्ष 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं, आपका (सरकार का) समय समाप्त हो गया है। अगले वर्ष राज्य में भाजपा सरकार बनाएगी। मैं अपने सभी मंडल पदाधिकारियों को आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, हम जरूरत पड़ने पर दोषियों को जमीन के नीचे से निकालेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए उन्हें सजा मिले। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिसा का कोई स्थान नहीं है। बंगाल में चुनावों के दौरान और दीदी (सुश्री बनर्जी) की जीत के बाद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मारे गए। दीदी, आप कब तक उनकी रक्षा करेंगी? अगर आप में हिम्मत है, तो हिसा के बिना चुनाव कराएं और देखें कि क्या होता है। बंगाल की जनता सुनिश्चित करेगी कि आपकी जमानत जब्त हो जाए। मुख्यमंत्री के उस आरोप का जवाब देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए 'ऑपरेशन सिदूर' बेच रहे हैं, उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने परिवारों के सामने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। आप मुझे बताएं- क्या पाकिस्तान द्वारा भेजे गए उन आतंकवादियों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या मोदी जी ने ऑपरेशन सिदूर को अंजाम देना सही नहीं था? यही बात दीदी के पेट में दर्द पैदा कर रही है। जब बंगाल के लोगों को वहां मारा जा रहा था, तब दीदी अगर इस दर्द को व्यक्त करतीं तो सही होता। लेकिन तब उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब जब मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद यहां आते हैं, तो ऑपरेशन का विरोध करते हुए सस्ती राजनीतिक टिप्पणी की जाती है। आप सिर्फ ऑपरेशन सिदूर का विरोध नहीं कर रही हैं - आप इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बंगाल की मातृशक्ति से अपील की कि वे मुख्यमंत्री को ऑपरेशन सिदूर पर सवाल उठाने की हिम्मत करने के लिए आगामी चुनाव में सिंदूर का सही मूल्य समझाएं। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों, उन्हें दिखाएं कि सिदूर का अपमान करने का सही मतलब क्या होता है! शाह ने कहा कि बंगाल की भूमि ने पीढ़ियों से भारत का मार्गदर्शन किया है। चाहे वह ज्ञान हो, विज्ञान हो, अध्यात्म हो या स्वतंत्रता संग्राम हो, बंगाल ने हमेशा नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता दीदी अपने 'मां-माटी-मानुष' (मां, मातृभूमि और लोग) के नारे के साथ आईं। आज उन्होंने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। इससे पहले शाह दोपहर 14.16 बजे विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देकर की।

### पश्चिम बंगाल को नॉर्थ कोरिया न बनाओ शर्मिष्ठा के सपोर्ट में आई कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान सामने आया है। एन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी को लेकर वे पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को नार्थ कोरिया की तरह मत बनाओ। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थितियां ठीक नहीं हैं। अगर कोई इनजनरल अपनी बात कहता है, तो उसके खिलाफ इतनी कठोर कार्रवाई करना कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है यहां इस तरह का माहौल न खड़ा जाए, जिससे यह नार्थ कोरिया लगने लगे। उन्होंने ममता सरकार से ए मांग की है कि उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए। कंगना ने कहा कि जब शर्मिष्ठा ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी और माफी मांग ली है, तो सरकार को उसके खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। कंगना ने कहा कि किसी बेटी को जेल में डाल देना और उसका पूरा करियर खराब कर देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

# पश्चिमी यूपी में फिर करवट लेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में सोमवार को मौसम में आंशिक परिवर्तन के आसार हैं। तापमान में गिरावट हो सकती है। लेकिन, बाकी जगहों पर रविवार जैसा ही मौसम बना रहने की संभावना है।

मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इससे तापमान में दो से चार डिग्री की कमी दर्ज की जाएगी। रविवार को झांसी, प्रयागराज और अमेठी में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी सोमवार से ही छिटपुट बारिश की शुरुआत हो जाएगी। तराई वाले क्षेत्रों में इस बारिश की वजह से तापमान में भी दो से चार डिग्री की गिरावट की उम्मीद है। मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश होगी। बुधवार और गुरुवार को भी कई इलाकों में ए बारिश जारी रह सकती है।

इस दौरान कई जगह 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इससे मौसम में राहत मिल सकती है। अतुल ने बताया कि इसके बाद पांच जून से गर्मी बढ़ना शुरू होगी। तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पछुवा हवा चलेगी। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

### आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



**के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी**

वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की, क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई, जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### खाद्य तेल और दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 3838 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.47 सेंट की गिरावट लेकर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल के भाव 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।सप्ताहांत पर सरसों तेल 15824 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14871 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही, वहीं मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# राम मदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।



श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले मां सरयू का पूजन एवं यजमान का प्रायश्चित कर्म भी सम्पादित होगा। तीन जून से अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ शुरू हो जाएगा। तीन व चार जून को सुबह साढ़े छह बजे से सायंकाल साढ़े छह बजे तक बारह-बारह घंटे का अनुष्ठानन होगा। इस दौरान मध्यान्ह में एक घंटे फलाहार के लिए विश्राम दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक पांच जून को अनुष्ठान सुबह साढ़े छह बजे प्रारम्भ होगा और अभिजीत मुहूर्त के बाद देवविग्रहों में प्राणों के आधान की प्रक्रिया होगी और फिर आरती के साथ अपरान्ह एक बजे अनुष्ठान की पूर्ण आहुत हो जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाज के साथ की जा रही है ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।

# जम्मू-कश्मीर भारत-पाक के बीच युद्ध का मैदान बना

## हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचली जा रही घास जैसी: मुफ्ती

श्रीनगर, वार्ता



**हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है।

महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। महबूबा बोलीं- हमारी पाकिस्तानी लोगों से असहमति नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक सोच को दर्शाते हैं। महबूबा ने कहा कि जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी।

उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। यह दुख की बात है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य का नेता इस तरह की बातें कर रहा है। शांति और बातचीत के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और नफरत की भाषा बोलने वाले नेताओं को और लाशें चाहिए, लेकिन पीडीपी ही एकमात्र पार्टी है जो लगातार शांति की बात कर रही है और लोगों के सम्मान से जीने के हक के लिए आवाज उठा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि ये हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप





खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com


### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डीआईजी ने रेंज के 84 स्थान किए चिन्हित

## त्यौहार के मद्देनजर कलानिधी नैथानी ने रेंज के अधिकारियों को दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

- ड्रोन से होगी संवेदनशील व मिश्रित क्षेत्रों की निगरानी
- मस्जिदों के आसपास रहेगा पुलिस का पहरा
- अफवाहों पर न दें ध्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ईद-उल-अजहा के अवसर पर डीआईजी रेंज के चार जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत एवं हापुड़ में 487 ईदगाह तथा 981 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। जनपद मेरठ में 164 ईदगाह व 515 मस्जिद, बुलन्दशहर में 171 ईदगाह व 213 मस्जिद, बागपत में 68 ईदगाह व 205 मस्जिद तथा जनपद हापुड़ में 84 ईदगाह व 48 मस्जिदों में नमाज अदा होगी। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि ईद-उल-अजहा के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए परिक्षेत्र के जनपदों में आठ अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, 95 निरीक्षक, 820 उप निरीक्षक, 1250 मु.आ., 1635 आरक्षी, 1005 होमगार्ड पीआरडी एवं 2 कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। परिक्षेत्र में कुल 84 स्थानों को संवेदनशील हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमें जनपद मेरठ में 21, बुलन्दशहर में 43, बागपत में 5 एवं हापुड़ में 15 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इनके सुरक्षार्थ 27 जोन, 100 सैक्टर एवं 49 क्यूआरटी स्थापित की गई है। त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी जनपदीय पुलिस द्वारा पीस कमेटी धर्म गुरु शांति समिति संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ 128, अन्य विभाग जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग आदि के साथ 99 एवं आयोजकों संचालकों के साथ 9 गोष्ठियां आयोजित कर ली गई हैं।

### डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को दिए यह निर्देश

कानून व्यवस्था के दृष्टिगत ईदगाह एवं सभी संवेदनशील स्थानों का भौतिक निरीक्षण भ्रमण कर लिया जाए, ताकि लॉ-एंड-ऑर्डर की कोई समस्या उत्पन्न न हो। चौकी स्तर पर भी पीस कमेटी की मीटिंग कर ली जाए। पशु पैठ बकरा मंडी पर भीड-भाड़ के दौरान लूट आदि की घटना होने की सम्भावना रहती है, इसकी रोकथाम के लिए व्यापक प्रबन्ध कर लिए जाए। आवश्यकता अनुसार सांप्रदायिक हॉटस्पॉट पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पिकेट तैनात किए जाए, बकरीद के दृष्टिगत संवेदशील क्षेत्रों मार्गो पर यूपी 112 के वाहनों का रुट मैप तैयार कर लिया जाए। प्रत्येक मस्जिद में ईद उल-जुहा की पूर्व रात्रि में सतर्क दृष्टि रखी जाए, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की अफवाहें मस्जिदों अथवा उसके आस-पास न फैलायी जाए, इसके लिए नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों का भी सहयोग लिया जाए। ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी मिश्रित एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जाए।

# अंसल टाउन में नवनिर्मित मंदिर का मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अंसल टाउन मोदीपुरम में मुख्य अतिथि डॉ. सोमेंद्र तोमर, ऊर्जा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार तथा विशिष्ट अतिथि विमल शर्मा अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक व बागपत ने मंदिर प्रागंण में पधार कर, हवन में आहुति देने के उपरान्त, शनि देव के नवनिर्मित भव्य मंदिर का लोकार्पण करके, जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, ओम पाल सिंह व मंदिर निर्माण कर्ता सचिन शर्मा पुत्र सुदेश चन्द शर्मा, अदित्य गर्ग, बृजेश त्रिपाठी, वी के शर्मा, डॉ. सतीश शर्मा, मनोज कुमार सिंह, राज कुमार सिरोही, एओए अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, विनोद सहगल, लोकेंद्र राठी, आर डब्लू ओ अध्यक्ष डॉ. राज पाल सिंह, नीरज डागर आदि रहें। मंदिर में पूजा अर्चना का शुभारम्भ हो गया है।

# खातून नेशनल अकैडमी में टॉप छात्रों का किया सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में खातून नेशनल अकैडमी में रविवार को अकादमी को टॉप करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कस्बा सिवाल खास के जिम्मेदार व्यक्तियों ने व समाज सेवी अनीश बाबू ने बच्चों का हौसला बढ़ाया व मनोबल बढ़ाया और जो बच्चे इस बार अकादमी में पास नहीं हुए हैं उन्हे कड़ी मेहनत करने के लिए कहा। वहीं अकादमी के हाफिज जहांगीर साहब ने बताया कि इस बार हमारी अकादमी में काफी बच्चों ने मेहनत कर सिवालखास का नाम रोशन किया है हमारी अकादमी में दीनी तालीम की भी पढ़ाई की जाती है। इस मौके पर सोनी, मारूफ चौहान, सलीम अली, डॉ. मारूफ, राहत अली आदि मौजूद रहे।

# आज पटेल मंडप में होगा प्रांतीय मुशायरे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को पटेल मंडप नौचंदी में प्रांतीय मुशायरे का आयोजन अल्पसंख्यक समाज समिति के द्वारा किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. सोमेंद्र तोमर रहेंगे इंजीनियर राना अंजुम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पटेल मंडप में मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुशायरे की सदारत डॉ. एजाजुद्दीन शाह पॉपुलर मेरठी करेंगे। मेरठ और आसपास के शायर हिस्सा लेंगे और अपने कलाम से नवाजेंगे शहर काजी जैनुल सालेकीन एवं नायब शहर काजी जैनुल राशिदीन उपस्थित रहेंगे।

# खुले में कुर्बानी करने वालों पर होगी कार्रवाई

## थाना जानी परिसर में प्रभारी ने की जिम्मेदारों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को जानी थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार राठौर ने क्षेत्र के ग्राम प्रधान और गणमान्य लोगों के साथ ईद उल अजहा को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ एक शांति समिति की बैठक की।



जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोई भी खुले में कुर्बानी और सड़क पर नमाज अदा न करें कुर्बानी के अवशेष गड्ढे में दबाये और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसी दूसरे समुदाय को कोई दिक्कत न हो इसलिए पहले से हुई निर्धारित जगह पर ही कुर्बानी करें और अगर किसी ने प्रतिबंध जानवर की कुर्बानी की तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**सड़को पर न हो नमाज अदा, इसका रखें ख्याल**

उधर सिवाल खास अध्यक्ष गुलजार चौहान ने कहा कि सरकार की जो भी गाइडलाइन होगी उसका पालन किया जाएगा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था से नमाज अदा की जाएगी। उसके बाद थाना प्रभारी ने रसूलपुर धौलडी सिवाल खास आदि गांव में जाकर ईद उल अजहा की होने वाली नमाज के लिए ईदगाह में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। वहीं इस मौके पर ग्राम प्रधान जानी कला नूर मोहम्मद, ग्राम प्रधान रसुल. पुर धौलडी इरफान कुरैशी, ग्राम प्रधान जानी वेदपाल फौजी, ग्राम प्रधान चंदोरा और क्षेत्र के लोग रहे।

# स्वास्थ्य कार्यकत्री की विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** सामुदायिक केंद्र भावनपुर में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकत्री उषा शर्मा की सेवा निवृत्ति पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अश्वनी कुमार एवं संचालन वंदना सिंह ने किया। कार्यक्रम के संयोजक राजीव शर्मा एवं सह संयोजक भावनपुर सामुदायिक केंद्र का समस्त स्टाफ रहा, वहीं सेवानिवृत्ति पाने वाली उषा शर्मा के परिवार वाले भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह, डॉ. रागनी, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, डॉ. यामिनी, डॉ. यशपाल, डॉ. शिखा, डॉ. चन्द्रेश, सतेंद्र शर्मा, नेहा, दिनेश रस्तोगी, सुनीता आदि उपस्थित रहे। सभी ने उनके कार्यो की सराहना की।

# विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसन विभाग द्वारा संचालित शहीद भगत सिंह सुभारती नगरीय स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केन्द्र मुल्तान नगर में विश्व धूमपान निषेध दिवस के अवसर पर एक स्वास्थ्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन पाराशर के निर्देशन में शहीद भगत सिंह सुभारती नगरीय स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केन्द्र मुल्तान नगर की प्रभारी प्रोफेसर डॉ. वर्षा चौधरी ने उपस्थित लोगों से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्व धूमपान निषेध दिवस के अवसर पर हम सभी यह प्रण ले कि तम्बाकू के सेवन से बचेंगे और दूसरों को भी तम्बाकू के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में अवगत कराकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना सहयोग देंगे। मुख्य वक्ता दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने गुटका खाने से होने वाले मुंह के कैंसर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। डॉ. उषा मिन्हास ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को बीड़ी, सिगरेट, गुटका और विभिन्न प्रकार के तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया।

# जीटीबी क्रिकेट एकेडमी में समर क्रिकेट कोचिंग कैम्प 5 जून से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में चल रही क्रिकेट एकेडमी में पहला समर क्रिकेट कोचिंग कैम्प का आयोजन की शुरुआत 5 जून से होगी। क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि कैम्प का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से क्रिकेट कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है।

इस कैंप में खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र के साथ-साथ से टी शर्ट व आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैम्प में 7 साल से 18 साल तक के खिलाड़ी भाग ले सकते है। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के साथ साथ खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में भाग के लिए चुना जाना है। कैंप में टूर्नामेंट का भी आयोजन होगा। जो कि बहुत ही आकर्षित होगा। उन्होंने सभी से भाग लेने को कहा है।



# हंसापुर में पीडिए की सभा में गरजे नेता

**■ 2027 में बनेगी सपा की सरकार: योगेश वर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर बहसूमा के गांव हंसापुर स्थित जय विलास फार्म हाउस में हस्तिनापुर एवं मीरापुर विधानसभा क्षेत्र पीडीए की सभा हुई। सभा में आगामी होने वाले चुनाव में एकजुट होकर सपा की जीत दिलाने पर जोर दिया। सभा में पूर्व विधायक योगेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है, खुलेआम गुंडागर्दी भ्रष्टाचार महंगाई बढ़ती जा रही है। इस सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। गढ़ विधानसभा प्रत्याशी रही नैना नीरज पाल ने कहा भाजपा देश में जातियों के दम पर झगड़े कराकर अपनी राजनीति कर रही है। अब वक्त आ गया है कि आने वाले चुनाव में भाजपा को नकार कर सपा की जीत दिलाई। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, श्यामलाल बच्ची सैनी, डॉक्टर केपी सिंह, मनोज बुटार, पूर्व आईआरएस आदर्श कुमार ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद कादिर राणा, वीर कर्मवीर गुमी, मास्टर खिलाड़ी सिंह, इकराम बालियान, पूर्व प्रधान महबूब अली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मृदुल सिंह, नैना पाल, नीरज पाल, शमीम अहमद प्रमोद तंवर आदि ने अपने विचार व्यक्त किया और पीडीए पर चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता मेरठ जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी तथा संचालन मोनू पंवार ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव उदयवीर सिंह, जिला सचिव खलील सलमानी, प्रमोद त्यागी, काले खां, अरशद प्रधान, सुभाष गुर्जर, निर्मित यादव,अजय सागर, निर्मित यादव, बालेंद्र प्रधान, इंतेजार प्रधान, अनुज चपराणा, संदीप पाल, पवन यादव, नूर मौहम्मद, नूर उल्ला खां आदि लोग सैकड़ों लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजक कुंवर देवेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर को पगड़ी एवं पटका पहनाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/फलावदा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा तथा कई सामाजिक संगठनों की ओर से प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर को पगड़ी एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया है। विगत दिनों मंत्री सोमेंद्र तोमर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में सभी मुख्य मार्गों ओर हाइवे पर सर्वसमाज के महापुरुषों के नाम पर स्मृति द्वार बनवाकर समाज को गौरवांवित किया है, यह बहुत ही अच्छा और सराहनीय कार्य किया है। राज्य मंत्री को सम्मानित करने के लिए इस प्रतिनिधि मंडल में नितिन कसाना, मोहन गुर्जर, आयुष चपराना, विजय धामा विनोद राणा तथा राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा पंजी. जिला अध्यक्ष, राजीव बंसला, नीरज खौंजापुर, आकाश गुर्जर पुट्ठी, वरुण धामा जिठोला एवं बहुत से सम्मानित सदस्यगण कैंप कार्यालय पर मौजूद थे। मंत्री सोमेंद्र तोमर को समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष राजीव बैसला ने सभी जनप्रतिनिधि से अपने अपने क्षेत्र में सर्वसमाज के महापुरुषों को सम्मान देने की इस मुहिम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



## पटेल मंडप में भोजपुरी म्यूजिकल नाइट का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय नौचंदी मेला पटेल मंडप में भोजपुरी म्यूजिकल नाइट आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया। भोजपुरी गायक सत्यांशु पटेल ने एक से एक भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम अपना प्रमुख गीत-राम रघुरइया आए हैं। इसके उपरांत 'अल्लाह कहो या राम भगवान एक हैं' 'एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए' 'जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है' 'आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया...' कई कव्वाली पर भी अपनी प्रस्तुति दी। गजल-कव्वाली 'किसको दिल दिया जाए सोचना जरूरी है, साथ छूटेगा कैसे मेरा आपका, आप बैठे हैं वालीं पे मेरी' आदि कव्वाली एंव भोजपुरी गाने गाए। अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, नौचंदी मेला संचालन समिति के सदस्यगण नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, नासिर सैफी रहे।

# कृषि मंत्री का कंकरखेड़ा के जंगेठी में स्वागत

**■ कृषि मंत्री के गांव में आगमन से पहले पीडब्ल्यूडी ने कराया सड़क का निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** रविवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान किसानों की समस्या को लेकर उनके बीच जाकर समस्या को जानने के लिए दौरे पर है। रविवार को मेरठ जंगेठी गांव पहुंचे जहां उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण पर बल दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए तकनीकी कृषि करने पर बल दिया। इससे पहले दौराला टोल प्लाजा पर काफी संख्या में भाजपा एवं लोकदल कार्यकर्ता एवं नेता पहुंचे जहां उन्होंने फूल माला पहनाकर कृषि मंत्री शिवराज चौहान का स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री का काफिला जगेठी गांव के ग्राम प्रधान नीतू के घर पहुंचा। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कृषि मंत्रियों के मेरठ आवागमन से पहले पीडब्लूडी ने जंगेठी गांव में रातों रात सड़क के गड्ढे भरे गए। गांव में कुछ समय रुकने के बाद मंत्री का काफिला दबथुवा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों से सीधे संवाद किया। मोदीपुरम के गायत्री विन कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान बागपत सांसद राजकुमार सांगवान समेत लोकदल नेता सुनील रोहटा के आवास पहुंचे उसके बाद मंत्री का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हो गया। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा नेता एवं लोकदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं कार्यक्रम के बाद शिवराज सिंह चौहान गायत्री ग्रीन स्थित सुनील रोहटा के आवास पर पहुंचे जहां पर उन्होंने सुनील रोहटा के परिवार से मुलाकात कर सबको अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान रालोद के प्रदेश प्रवक्ता सुनील रोहटा ने न शिवराज सिंह चौहान को चौधरी चरण सिंह का चित्र भेंट किया।



## ढाक पीर मेले में रागनी कंपटीशन का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रहे ढाक पीर मेले में रागनी कंपटीशन का उद्घाटन समाजसेवी गुल्लू प्रधान व रालोद नेता विजेंद्र भाटी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नगर में चल रहे ढाक पीर मेला अपने पूरे शवाब पर है वहीं देहात क्षेत्र से लोगों की भीड़ मेले को आकर्षक बना रही हैं। देर रात मेले में रागनी कंपटीशन हुआ जिसमें कलाकार रोहित रामनगर ने कृष्ण द्रौपदी व मनोज फौजी ने राजा परीक्षित नवल देह की प्रसिद्ध रागिनी से समा बांध दिया। वहीं महिला कलाकार काजल तोमर, तनु चौहान के शानदार डांस से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने आए हुए सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया। संचालन विष्णु अवतार रूहेला ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष जीशान सैफी, पूर्व सभासद सलीम अहमद, सानू ठेकेदार, सरताज, असगर अली रुस्तम आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पिठलोकर में अखिलेश का संदेश लेकर घर-घर पहुंचे नदीम चौहान

**■ सिवालखास विधानसभा में सपा को मजबूत बनाने की जमीनी कवायद में जुटे सपा नेता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए नदीम चौहान लगातार लंबे समय से मेहनत कर रहे हैं। बीते विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने रालोद के सिंबल पर चुनाव लड़े। गुलाम मोहम्मद को चुनाव लड़ाया था लेकिन आरएलडी के भाजपा में जाने के बाद यहां पर समाजवादी पार्टी अब अकेले चुनाव लड़ेगी और इस सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। सपा नेता नदीम चौहान बीते कुछ समय से अखिलेश यादव का संदेश लेकर सिवालखास विधानसभा के गांव-गांव घूम रहे हैं और लोगों को बता रहे हैं कि समाजवादी पार्टी में ही सर्व समाज का भला है। उत्तर प्रदेश के अंदर जिस तरीके से हालात बदले हैं और हिंदू मुसलमान के बीच नफरत की खाई गहरी हुई है, उस खाई को अगर कोई कम कर सकता है तो वह अखिलेश यादव है। क्योंकि अखिलेश यादव पीडीए की लड़ाई लड़ रहे हैं ऐसे में अखिलेश यादव को मजबूत बनाना उत्तर प्रदेश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है जो कमजोरों की, दलितों की, पिछड़ों की लड़ाई लड़ते हैं। उनको मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। नदीम चौहान रविवार को सिवाल खास विधानसभा के ग्राम पिठलोकर में घूमते दिखाई दिए। इस दौरान वह मुस्लिम राजपूतों में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने में लग रहे हैं। लोगों से मिलकर वह भाईचारे का भी संदेश दे रहे हैं और बता रहे हैं कि अगर इस बार उन्हें मौका मिला तो वह सिवालखास विधानसभा को मेरठ की सबसे खास विधानसभा बना देंगे और देखते ही देखे उत्तर प्रदेश के अंदर यह विधानसभा बेहद खास नजर आएगी। रविवार को उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया और उनसे मिशन 2027 को लेकर वार्ता की। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने भी नदीम चौहान को भरपूर प्यार दिया और कहा कि जिस समय वह बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़े उस समय लोगों से कुछ गलतियां हुई हैं लेकिन वह गलतियां इस बार नहीं होंगी। इस बार समाजवादी पार्टी सिवाल खास में अपना परचम लहराएगी।



# भाकियू आंदोलन का विस्तार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बांटे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर क्षेत्र के ग्राम राधना/ नगला सलेमपुर गांव में रविवार को भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार यादव का कार्यक्रम था। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन आंदोलन का विस्तार किया गया। इस मौके पर गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे। संगठन को मजबूत करने व किसानों के हित कों सर्वोपरि रखनें की बात पर जोर दिया गया। अमरोहा हसनपुर निवासी युसूफ अली को संगठन का राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं मौलाना मुजीब अहमद को राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर शादाब अली किठौर को भारतीय किसान यूनियन आंदोलन चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश एवं मुशाहिद अली नगला सलेमपुर को संगठन का उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुजाहिद अली बहरोडा को मेरठ जिले का मीडिया प्रभारी एवं ढबारसी गाजियाबाद निवासी अयूब अलीको जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद एवं माजिद खान को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। नगला सलेमपुर में संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार यादव ने सभी को नियुक्ति पत्र दिया और कहा कि संगठन में ताकत होती है उन्होंने सभी नवनियुक्त पदा. धिकारी से कहा कि सभी पदाधिकारी किसान हित में कार्य करें। किसानों की सभी समस्याओं का अधिकारियों स्तर पर समाधान किया जाना चाहिए। किसान हित में हमको सर्वोपरि रहना चाहिए। उन्होंने केंद्र उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा दोनों सरकारों को किसान हित में कार्य करना चाहिए। किसानों की फसलों का वाजिब दाम मिलना चाहिए। आंधी तूफान के कारण किसानों के हुए नुकसान की समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए तथा किसानों की हर संभव मदद करना चाहिए। किसानों के कर्ज माफी का ऐलान सरकार को करना चाहिए। जिस तरह से किसान देश का अन्नदाता है तथा किसान के बच्चे ही देश की सीमाओं पर डटकर मुकाबला करते हैं तो इसी तरह किसान खेत खलियान में रहकर देश के लिए उगाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंशी फरमान अली ने एवं संचालन भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय प्रवक्ता इकराम चौधरी ने किया। इस अवसर पर अनिल गुर्जर, सोमपाल प्रजापति, महेश शर्मा, अवधेश कुमार सिंह, चौधरी रामपाल सिंह, सुरेश पाल बालियान, नरेंद्र प्रजापति, उमेश कुमार पाल, नफीस अहमद आदि मौजूद रहे।



# आर्य वीर दल बाल संस्कार शिविर के समापन पर बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा श्रद्धापुरी स्थित आर्य समाज द्वारा आर्य वीर दल बाल संस्कार शिविर के आठ दिवसीय कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को योग्य शिक्षकों द्वारा योगासन, तलवार, डम्बल, लेजम, शारीरिक व्यायाम और यज्ञ, संध्या आदि कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों द्वारा इसका सफल प्रर्दशन करके सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट तथा मोमेन्टो देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों के प्रदर्शन में डम्बल, लेजम, तलवार, लाठी और निशाने बाजी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमन सिंह, स्वामी चन्द्र देव, आचार्य गोपाल शास्त्री रहे। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान सोहनवीर आर्य, किरण पाल सिंह, यशपाल आर्य, तुषार आर्य, आरपी मलिक, हरबीर सुमन, राम पाल सिंह, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति से महेंद्र कुमार रस्तौगी, प्रसुन कुमार रस्तौगी, विमल कांत कौशिक, श्याम सुंदर भाटिया, डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह, अजय मोहन शर्मा, श्रीपाल, जयवीर सिंह सोम, ज्ञानेंद्र सोम, यशपाल जांगिड़ आदि उपस्थित रहे। सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज का विशेष सहयोग रहा।

# पल्लवपुरम में भगवान महादेव मंदिर पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में कैबिनेट सिंचाई जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का ग्रेटर पल्लवपुरम स्थित निर्माणित भगवान महादेव मंदिर में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजकुमार छाबड़ा एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज भराला, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला एवं पल्लव पुरम मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ जलाभिषेक कर भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात् राजकुमार छाबड़ा के आवास पर क्षेत्रीय भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज एवं मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, संजय गुप्ता, डॉ. विजय शर्मा ने उन्हें भगवान परशुराम जी प्रतिमा और अंगवस्त्र पहनकर एवं चाली. सा भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। स्वतंत्र देव ने कहा आज उत्तर प्रदेश में रामराज कायम है। भय मुक्त प्रदेश डबल इंजन की सरकार को लेकर विकास की गंगा बह रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, डॉ. विजय शर्मा, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, संजय गुप्ता, शिवम भारद्वाज, आकाश छाबड़ा, प्रशांत भारद्वाज मोहित शर्मा, अंकित शर्मा, आदि उपस्थित रहे।



## ईद को लेकर ईदगाह का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ईदगाह कमेटी ने ईद उल अजहा के मद्देनजर ईदगाह का निरीक्षण किया। रविवार को ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने ईदगाह पर पहुंचकर सभी को ईद उल अजहा की जिम्मेदारियां सौंप दी। जिसमे माइक जनरेटर पंखे पानी के इंतजाम और सफाई का जयजा लिया। ईदगाह कमेटी का पदाधिकारियों ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज सुबह 6.45 अदा की जायेगी। ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज की सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। इस मौके पर हाजी इरशाद. जावेद जरताब. जीशान कुरैशी. हाजी मोहम्मद वसीम. हमजा अली. शहनावज आंसरी हाजी अनीस. अलीमुद्दीन मेंबर. नौशाद अहमद. नईम अहमद हाजी अब्बास खुर्रम आजाद खान मौजूद रहे।

**श्री रामकथा के तीसरे दिन कथा का श्रवण करने उमड़े भक्त**

# राम का नाम जीवन का सबसे बड़ा धन

**■ माता, पिता और गुरूओं का सम्मान करने का आह्वान**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो श्री राम कथा में रविवार को प्रवचन सुनाते हुए कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा कि, हमें अपने माता पिता और गुरूओं का सम्मान करना चाहिये। उनके प्रति सदैव आदर के भाव रखने चाहियें। कहा कि जीवन में सबसे बड़ा धन 'राम' को पाने को धन है। सत्संग में जो यह राम नाम का धन मिलता है, उसे जितना भी खर्च करो, यह उतना ही बढ़ता है। इसे कोई लूट नहीं सकता। जीवन में काम, क्रोध लोभ व मद से ऊपर उठकर ही हमें भक्ति का सच्चा सुख मिल सकता है। कथावाचक ने कहा कि जीवन में परोपकार के साथ साथ सत्संग में भी अपनी भागीदारी करें। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, श्याम वर्मा, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना आदि मौजूद रहे।





# किसानों को फसलों की बेहतरी के लिए किया जागरूक

**■ तीन ब्लॉकों के कई गांवों में हुए कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अन्तर्गत गजरौला ब्लॉक के ग्राम छोया, सिहाली जागीर, मनोटा व अमरो. हा विकासखंड के ग्राम नन्हेड़ा अख्तयारपुर, जलीलपुर बक्काल एवं घंसूरपुर व हसनपुर विकासखंड के ग्राम उधमपुर, नसीरपुर एवं बसेड़ा खुर्द में कृषि विज्ञान केंद्र एवं भारतीय कृषि अनुसंधान के केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की तीन संयुक्त टीमों ने किसानों को खरीफ फसलों , मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, गन्ना के साथ सहफसली खेती फसल सुरक्षा, पशुपालन में रिपीट ब्रीडिंग, संतु. लित राशन, अनुवांशिकी संबंधी समस्याओं के बारे में किसानों को जागरूक किया। केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.रविंद्र कुमार, उप निदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ.एके मिश्र, वैज्ञानिक डॉ. अजय वीर सिरोही, डॉ.डी. दिव्या, डॉ.अमित तोमर, डॉ. हादी हुसैन खान आदि मौजूद रहे।



# पारिवारिक विवाद में बीच-बचाव करना पड़ा परिवार को भारी

## झगड़े को शांत करने आए पति-पत्नी व बेटी-बेटों पर लाठी डंडों से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** गुराना गांव में पारिवारिक विवाद में बीच-बचाव करने गए सतेन्द्र, उसकी पत्नी वेदो, बेटी शिवानी व उसके दोनों बेटों शिवम व शुभम को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसमें शिवानी के सिर में 5 टांके, शिवम के हाथ में फ्रैक्चर आया। सतेन्द्र के दांत टूट गए।

शिवानी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोसी अंगूरी के यहां पारिवारिक विवाद चल रहा था। झगड़े के दौरान अंगूरी के परिवार से कुछ लोग घर पर आए और झगड़े को शांत करने की बात कहने लगे। जैसे ही पिता सतेन्द्र, मां वेदो, भाई शिवम व शुभम के साथ में उनके घर पर झगड़े को शांत करने पहुंची तो, उन्होंने लाठी- डंडों से हमला कर दिया। सभी को गंभीर चोट लगी हैं।





## पीड़ित परिवार ने की पुलिस से हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बली गांव में घर की मरम्मत कराते समय एक परिवार पर जानलेवा हमला किया। हमले में चार सदस्य घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर हमलावरो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को करीब साढे 11 बजे कस्बा टटीरी निवासी शहीदुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनका एक मकान बली गांव में भी है। वह अपने परिवार के साथ मकान पर मरम्मत का कार्य करा रहा था। आरोप है कि एक परिवार के आठ सदस्यों ने मिलकर गाली-गलौच करते हुए परिवार पर एक राय होकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया। हमले में उनके सहित परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। इतना ही नहीं मोबाइल से पुलिस को सूचना देने पर आरोपियों ने मोबाइल भी छीन लिया था। वहीं घायल परिवार के सदस्यों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित परिवार ने पुलिस से हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## परीक्षा सुचारु रूप से हुई संपन्न, पुलिस बल रहा तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए। इनमें बागपत का श्री यमुना इंटर कॉलेज, अग्रवाल मंडी टटीरी का डीएवी इंटर कॉलेज और बड़ौत का दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में परीक्षा कराई गई।

सभी तीन केंद्रों पर कुल 1500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रशासन ने परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया। इससे परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।



## व्यापारियों ने दिल्ली बस स्टैंड पर विदेशी कंपनियों का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारी एकता एसोसिएशन के सयुक्त तत्वाधान में एक विरोध प्रदर्शन रैली पंचमुखी मंदिर से पुराने दिल्ली बस स्टैंड तक निकाली गई। रैली का नेतृत्व अखिल भारतीय जिला समन्वाहक प्रमुख अजय निरवाल ने किया। इस मौके पर अजय निरवाल ने कहा कि इस समय व्यापारी वर्ग घाटे में चल रहा है क्योंकि लोग ऑनलाइन सामान मंगवा रहे है। ऑनलाइन सामान नकली आ रहा है। उन्होंने इस सामान से लोगों को बचने के लिए कहा है।

रैली में सभी व्यापारियों और कार्यकर्ताओं ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, वॉलमार्ट जैसी ऑनलाइन सामान बेचने वाली विदेशी कंपनियों का बहिष्कार कर अपने देश में बनने वाली वस्तुओं और अपने आसपास बाजार के दुकानदारों से सामान खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पर स्वदेशी जागरण मंच प्रांत परिषद् सदस्य संदीप तोमर फौजी बडोली ने बताया कि ऑनलाइन व्यापार ने लोकल मार्केट से रौनक छीन ली, क्योंकि जब सभी लोग दुकानों से सामान खरीदने के बजाय ऑनलाइन शॉपिंग कर समान मंगा लेते है। पैसा विदेशी कंपनिया हमारे देश पर होने वाले आतंकी हमलों में फंडिंग के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जिसमे लक्ष्मी नगर सहसंयोजक राधेश्याम अखिल भारतीय जिला समन्वाहक प्रमुख अजय निरवाल जिला कोषाध्यक्ष मनोज जिला सहसंयोजक विशाल जिला सहसंयोजक सोनू जैन नगर संयोजक पुष्पेंद्र शर्मा रकम सोलंकी नगर सहसंयोजक विशु मनोज तोमर व्यापारी नेता अनिल महादेव चिकारा गारमेंट अमित चिकारा बडावद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समस्त व्यापारियों में नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर विदेशी कंपनियों का पुतला दहन किया।



## एक नजर

### 8 जून को होगा विराट वैचारिक यज्ञ धन्यवाद दिवस आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक विराट वैचारिक यज्ञ, धन्यवाद दिवस एव विभूति सम्मान समारोह का आयोजन 8 जून को किया जा रहा है। विश्व हिंदू महासंघ (शिक्षक/बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) के 'राष्ट्रीय महामंत्री व मीडिया प्रभारी एड.गजेंद्र सिंह कुन्डु ने जानकारी दी कि 8 जून 2025 को विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में देवालय संघ व विश्व आर्यंस महासंघ के सौजन्य से आशीर्वाद गार्डन बागपत में संपन्न होगा।

### नारी ही वीर वीरांगनाओं को देती है जन्म, जिससे राष्ट्र बनता है मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा 4 जून से चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए हिमालय ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटयूट लोयन मलकपुर में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बीएड की बेटियों को संबोधित करते हुए कहा संस्कारित बेटियां ही समाज का दर्पण है।

रविवार को विश्व सुंदरी प्रतियोगिताओं की बजाय सर्वगुण संपन्न नारियों की प्रतियोगिताएं होनी चाहिए, जिससे समाज में अच्छा बनने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले। त्याग ,सेवा, बड़ों का सम्मान, शालीनता आदि गुणों से युक्त नारी ही समाज को वैचारिक रूप से स्वस्थ कर सकती है। अंग प्रदर्शन का चलन बंद होना चाहिए। नारी का स्थान समाज में ऊंचा है। नारी ही वीर वीरांगनाओं को जन्म देती है, जिससे राष्ट्र मजबूत बनता है। शिविर में बेटियों को जूडो कराटे, योगासन, आत्मरक्षा के अभ्यासों को सिखाया जाएगा। इस अवसर पर प्रबंधक विपिन राणा, अमित तोमर,आदेश राणा, प्राचार्य कुलदीप तोमर, कपिल आर्य, धर्मपाल त्यागी ,मनीष गोयल, पूजा गुप्ता, चंचल शर्मा, विधि चौधरी , प्राची खोखर आदि उपस्थित रहे।

### सेवा का पर्यावरण सप्ताह की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को एफजीसीई दिल्ली की संस्था ने सेवा भारती के साथ मिलकर सीएचसी केन्द्र डोला में सेवा का पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र प्रांत संगठन मंत्री मेरठ व विशिष्ट अतिथि योगेश मेरठ प्रांत के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण कर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो जीवन सुरक्षित रहेगा। हर किसी को पौधारोपण करना चाहिए। पौधे रहेंगे तो सांस चलती रहेगी, जिस दिन पौधे खत्म उस दिन जीवन को बचाना मुश्किल होगा। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए। यह कोई सामान्य बात नहीं है बल्कि इस संबंध हमारे अस्तित्व से है। अगर अस्तित्व और मानव को बचाना है तो पर्यावरण के लिए जरूरी प्रयास करने होंगे।




### जो ईश्वर भक्ति में लीन रहते है उनकी भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज टीकरी में आयोजित धर्मसभा में प्रवचन करते हुए राहुलेश्वरनंद गिरी महाराज महामंडलेश्वर पंचायती निरंजनी अखाड़ा ऋषिकेश ने कहा कि गुरु बिन ज्ञान अधूरा होता है, सत्य अहिंसा मानव को उन्नति के पथ पर ले जाता है।

कार्यक्रम में राहुलेश्वरानंद गिरी महाराज महामंडलेश्वर ने कहा कि ईश्वर की भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती है जो ईश्वर भक्ति में लीन रहते है। उनकी सभी मनोकामना पूरी होती है। कहा कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा होता है। गुरु शिष्य को ही नहीं समाज को भी एक नई दिशा देने का काम करता है। गुरु सदैव ही अपने शिष्य के प्रति बेहद गंभीरता दिखाते हुए उसे हर तरह से परिपक्व करना चाहता है। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर हर क्षेत्र में गुरु अपना पूर्ण ज्ञान शिष्य को देने का काम करता है। कहा कि इंसान से यदि गलती हो जाए और वह उसका पश्चाताप कर ले तो वह क्षण हो जाता है। इंसान जीवन मिला है। इसे बर्बाद न कर दूसरो की सेवा एवं पुण्य कार्यों में लगा दे ताकि जीवन सुरक्षित बना रहे। मानव को कर्मो के आधार पर फल मिलता है जैसा कर्म करेगा उसे वैसा ही फल मिलेगा। कार्यक्रम में उमड़ी भक्तो की भीड़ को जीवन में बुराइयों का त्याग करने की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रसाद वितरण कराया गया। इस मौके पर परमानंद महाराज, रामनारायण महाराज, रामेश्वर वन बाबा, उपेंद्र राठी, रामकुमार राठी, जितेंद्र ठेकेदार, नरेंद्र राठी, संजीव आदि मौजूद रहे।



## सामाजिक संगठन ने चलाया परिंदे बचाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को यूनाईटेड मैडिकेयर एसोसियेशन की एक बैठक नगर में स्थित जीनियसपब्लिक स्कूल में आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डा.शराफत अली और संचालन फिरोज खान अल्वी ने किया। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.रियासत अली ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य शिक्षा, चिकित्सा, पशु पक्षी और पर्यावरण की सुरक्षा करना है जिसको देखते हुए हमारी संस्था ने परिन्दों के लिए घोंसला (बसेरा) संकल्प योजना के जरिये कबूतर व गौरेया चिडियाओं के लिए आर्टिफिशियल घोंसले लगाकर उनके लिए आवास बनाने का कार्य करने का संकल्प लिया है। ताकि कबूतर व चिडिया की अपने अंडे व बच्चों को सुरक्षित रख सके। इसी उद्देश्य को देखते हुए हमारी संस्था पूरे जनपद में जहां जहां भी चिडिया व जंगली कबूतरों को रहने व खाने-पीने की समस्या को देखेगी, वहां हमारी संस्था उनके लिए घोंसला, दाना-पानी की व्यवस्था करने का कार्य करेगी। इसी दौरान संस्था के संरक्षक डा.शराफत अली ने कहा कि हमारी संस्था हर समय गरीबों को शिक्षा, चिकित्सा मुहैय्या कराने का भी कार्य करेगी और आने वाले समय में वृक्षारोपण करने का कार्य करेगी। बैठक में डा.डिम्पल तोमर, फिरोज खान, डा.दिलशाद, डा.नवाब, डा.आसिफ कुरैशी, डा. साजिद, डा.वाजिद, संजय पंवार एडवोकेट, अनुज शर्मा एडवोकेट, इशाक ठेकेदार, दिनेश कुमार, डा. नूर आदि मौजूद रहें।




## पानीपत को पेश करनी होगी सर्वे रिपोर्ट, दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, बडौत डिपो की ओर से बडौत-छपरौली से समालखा पानीपत बस संचालन के सम्बन्ध में शिकायत की गयी है। क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय, मेरठ के पत्र सं0-704 और 28 फरवरी के माध्यम से बडौत छपरौली से समालखा पानीपत मार्ग का सर्वे कराकर सर्वे रिपोर्ट, नक्शा, किमी एवं स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्र सं.-586 और 1 मार्च के माध्यम से टीटू सिंह, गौरव कुमार, प्रशान्त साहरण एवं अनूप सिंह, सहायक यातायात निरीक्षक, क्षेत्रीय प्रवर्तन दल, मेरठ को बडौत-छपरौली से समालखा पानीपत मार्ग का सर्वे कर सर्वे रिपोर्ट, स्पष्ट आख्या सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। टीटू सिंह, गौरव कुमार व प्रवीन कुमार, सहायक यातायात निरीक्षक, क्षेत्रीय प्रवर्तन दल, मेरठ द्वारा उक्त मार्ग की सर्वे रिपोर्ट अपनी आख्या सहित इस कार्यालय को प्राप्त करायी गयी।

सहायक यातायात निरीक्षकों द्वारा उक्त मार्ग की प्राप्त करायी गयी। सर्वे रिर्पोट इस कार्यालय के पत्र सं.-628 और 6 मार्च के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय, मेरठ को प्रेषित कर दी गयी है। क्षेत्रीय स्तर पर उक्त मार्ग के परमिट की कार्यवाही गतिशील है।

उक्त के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता के मोबाईल पर सम्पर्क कर स्थिति से अवगत करा दिया गया है। अब हरियाणा पानीपत से महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन के द्वारा सीएम ऑफ/एन/2025/032204 के संदर्भ में आनंद प्रकाश निरीक्षक को आदेश दिए जाते हैं कि समालखा से छपरौली बड़ौत वाया आया मार्ग का सर्वे करना सुनिश्चित करें एवं रिपोर्ट यातायात शाखा में प्रस्तुत करें।

एआरएम हाकिम सिंह ने कहा कि छपरौली से सोनीपत हरियाणा, छपरौली से गुरुग्राम हरियाणा, छपरौली से रोहतक हरियाणा और छपरौली से करनाल हरियाणा बसें चलाई जाएगी। गर्मी में महिलाएं व बच्चे पैदल यात्रा को मजबुर है और लाईट की व्यवस्था नहीं है पुल पर रात को अंधेरे में अनहोनी की आशंका रहती है। इस मौके पर आजाद, जोगिंदर, विकाश, जितेंद्र, अनिल, अनीश, अंकित, कृष्ण , राकेश, मास्टर रमेश, सतपाल, जयपाल आदि ने खुशी जाहिर की।

## वीरेंद्र लोहड्डा बने प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, योगेंद्र सिंह बने प्रबंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त व शांति व्यवस्था के बीच हुआ। मतदान के बाद मतगणना और उसके बाद परिणाम घोषित किया गया। वीरेंद्र लाहोड्डा पैनल विजय घोषित किया गया, जिसमें वीरेंद्रपाल ने एकतरफा मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी देवेंद्र सिंह को 3393 वोटों से करारी शिकस्त दी।

जनता वैदिक इंटर कॉलेज में बनाए गए मतदेय स्थलों पर मतदान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हुआ। पुलिस ने मतदान केंद्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बेरिकेड्स कर भारी वाहनों की आवाजाही बन्द कर दी गई थी। कॉलेज में कुल 24 मतदेय स्थान मतदान के लिए बनाए गए थे। 10 साल बाद हो रहे चुनाव में 18100 मतदाता पंजीकृत हैं, लेकिन 3812 मतदाताओं ने ही मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाता सूची में 4000 के लगभग मृतक भी शामिल रहे। मतदान करने को विभिन्न जिलों, राज्यों के मतदाताओं ने भी मताधिकार का प्रयोग करने पहुँचे। 10 साल बाद हो रहे चुनाव से पहले भी वीरेंद्र सिंह की ही प्रबन्ध समिति अभी तक काबिज थी। चुनाव अधिकारी सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। 24 मतदेय स्थलों पर सुबह 7 से 3 बजे तक मतदान हुआ। 4 बजे से मतगणना हुई। 18100 मतों में से कुल 3812 मत पड़े जिसमे से वीरेंद्र सिंह को 3574 मत मिले, उनके प्रतिद्वंद्वी देवेंद्र सिंह को 181 वोट मिले, 57 वोट निरस्त हुए। इन तरह से 3393 मतों से वीरेंद्र सिंह विजयी हुए। परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों ने विजयी हुए निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया। ढोल नगाड़ों पर समर्थक थिरकते रहे। मतदान व मतगणना के दौरान एसपी सूरज कुमार राय, एसडीएम मनीष यादव, डीआईओएस धर्मेंद्र सक्सेना, सीओ विजय कुमार भी निरीक्षण किया।



## बिजली घर में मशीन की खराबी के चलते दिन भर विद्युत आपूर्ति रही ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बिजली घर पर मशीन की तकनीकी खराबी के चलते दिन भर विधुत आपूर्ति ठप रही जिससे कस्बें के लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

रटौल बिजली में इन्कमिंग मशीन मे तकनीकी खराबी के चलते 12 गावों की विधुत आपूर्ति ठप रही जहा कस्बा रटौल मे बिजली के कारण लोग परेशान नजर आये। वही अन्य गावों मे भी बिजली के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जहा ग्रामीणों गर्मी के कारण परेशान रहे। वही पशुओं को चारा काटने मे भी समस्याओं का सामना करना पड़ा जई यतेन्द्र भाटई ने बताया कि मशीन में इन्कमिंग ब्रेकर आ गया था जिससे ठीक कराने मे समय लगा पांच बजे विधुत आपूर्ति शुरु कर दि जायेगी।



## बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान का ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया गया। बिजनौर से हरियाणा जाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान का संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आज नगर आगमन पर राजेश प्रधान का भव्य स्वागत हुआ।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रहा है। किसानों के लिए हमारा संगठन से सदैव तत्पर है। किसानों के साथ मिलकर किसने की समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज किसानों के सामने किसानों का चीनी मिलों से बकाया गन्ना भुगतान विकट समस्या बनता जा रहा है। समय रहते अगर चीनी मिल मालिकों ने बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया तो किसान सड़कों पर उतरेगा। इस मौके पर संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कहा कि आज किसान अपने घड़ियाले आंसू रो रहा है। क्योंकि किसान समय पर अपना गन्ना चीनी मिलों पर डालता है। मगर भुगतान समय पर नहीं होने के कारण विकट समस्या से जूझ रहा है। इस अवसर पर यशपाल राठी रोहतास सिंह मोहित ढाका परविंदर सिंह आजाद ठाकुर प्रदीप फौजी संजीव चौधरी नरेंद्र चौधरी श्याम चौधरी गोपाल चौधरी सुरेश बाबा आनंदपाल चौधरी विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



## साइबर ठगों की धमकी से दहशत में परिवार, पुलिस से लगाई बचाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मंसूरपुर गांव के एक परिवार साइबर ठगों के झांसे मे आ गया जिससे उन्होंने हजारों रूपये परिवार से ठग लिये। वही पीड़ित परिवार को फसानें की धमकी भी दी है जिससे परिवार दहशत में है और चांदीनगर थानें पहुंच बचाने की गुहार लगायी है।

मंसूरपुर निवासी अनिल ने बताया कि परिवार के लोग इंस्टाग्राम पर रील देख रहे थे। जहां एक विज्ञापन उन्हें दिखाई दिया जिसमें दस रूपये के बदले पचास लाख का आफर लिखा था। परिवार के लोगो तुरंत दिये गये नम्बर पर काल की। जहां उनसे उनसे उनका आधार कार्ड बैक की पासबुक वाट्सप में डालने को कहा उन्होंने तुरंत वाट्सप पर डाक्यूमेंट्स डाल दिये। उन्होंने फिर आठ सौ रूपये डालने को कहा तो उन्होंने आठ सौ रूपये भी डाल दिये। उसके दो दिन बाद पैसा एकाउंट में आने की बात कही दो दिन बाद फिर आठ हजार रूपये डालने को कहा तब पीड़ित समझ चुका था की साइबर ठगों के जाल में फस चुके है जिस पर उन्होंने पैसा डालने से मना कर दिया जिससे उन्हें फसानें की धमकी दी गयी जिसके बाद परिवार दहशत मे आ गया और चांदीनगर थानें पहुंच साइबर ठगों से बचाने की गुहार लगायी है।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अश्वनी व पुत्रवधू रीतू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुखपाल पुत्र स्व.नत्थू निवासी ग्राम किशनपुर बराल थाना रमाला तहसील बडौत जनपद बागपत।

# ईद-उल-जुहा पर मेरठ रेंज में सुरक्षा के रहेंगे कड़े प्रबंध: डीआईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रेंज में ईद-उल-जुहा को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बताया कि मेरठ रेंज के चारों जिलों में कुल 487 ईदगाह और 981 मस्जिदों में नमाज का आयोजन होगा। मेरठ में 164 ईदगाह और 515 मस्जिद हैं। बुलंदशहर में 171 ईदगाह और 213 मस्जिद हैं। बागपत में 68 ईदगाह और 205 मस्जिद हैं। हापुड़ में 84 ईदगाह और 48 मस्जिदें स्थित हैं। जिनमे नमाज़ अदा की जाएगी। रेंजे के चारों ज़िलों में 8 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, 95 निरीक्षक, 820 उपनिरीक्षक 1250 मु.आ. 1635 आरक्षी, 1005 होमगार्ड/पीआरडी एवं 2 कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है।

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि रेंज के 84 स्थानो को संवेदनशील स्थानों के रूप में चिन्हित किया गया है जिसमें जनपद मेरठ में 21, बुलन्दशहर में 43, बागपत में 5 एवं हापुड में 15 स्थानो को चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में 27 जोन, 100 सेक्टर और 49 क्यूआरटी तैनात की गई हैं। शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए धार्मिक नेताओं और शांति समिति के साथ रेंज के सभी जनपदीय पुलिस द्वारा धर्म गुरुओं, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ 128, अन्य विभाग जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग आदि के साथ 99 एवं आयोजको के साथ 9 बैठक आयोजित कर ली गई है। पुलिस अधिकारियों को ईदगाह और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि पशु पैठ पर भीड-भाड़ के दौरान लूट, छिनैती आदि की घटना होने की सम्भावना



रहती है इसकी रोकथाम के लिए व्यापक इंतेज़ाम किए गए है।

प्रतिबन्धित पशुओ व खुले स्थानो पर कुर्बानी न हो इसको लेकर भी निर्देशित किया गया है। सांप्रदायिक हॉटस्पाट पर स्टैटिक मजिस्ट्रैट और पुलिस पिकेट तैनात किये जाए, बकरीद के मद्देनज़र संवेदशील स्थानों पर यूपी 112 के वाहनो का रुट मैप तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों और भीड-भाड वाले स्थानो का सीसीटीवी कैमरो द्वारा नज़र रखी जाएगी। जनपद प्रभारी धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखें तथा धार्मिक स्थलो व आस-पास के क्षेत्रों में समुचित पुलिस प्रबन्ध करना सुनिश्चित करें इसके लिए भी निर्देशित किया गया है। डीआईजी ने बताया कि नमाज के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। एलआईयू को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बाजारों में भी पुलिस लगातार गश्त करेगी। ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी मिश्रित एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की करें अपने अपने ज़िलों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को सूचीबद्ध करते हुए ठीक कराने और जहाँ भी कार्यक्रम आयोजित हों वहां नये सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पेनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी में हाफ रहे ट्रांसफॉर्मर, ठंडा रखने के लिए लगाए कूलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार में स्थित विद्युत केंद्र में भीषण गर्मी को देखते हुए ट्रांसफॉर्मर को ठंडा करने के लिए कूलर लगवाया गया है। हापुड़ में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान का असर ट्रांसफॉर्मरों पर पड़ रहा है।

पहले से ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर गर्मी और तीखी धूप की गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते शहरी क्षेत्र में दिन में ट्रिपिंग हो रही है। ट्रिपिंग की ये समस्या बीते कई दिनों से बनी हुई है। ट्रांसफॉर्मरों को हीटिंग से बचाने के लिए कूलर की ठंडी हवा दी जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों की माने तो ट्रांसफॉर्मर गरम न हो और निर्बाध बिजली आपूर्ति हो इसके लिए ट्रांसफॉर्मर को ठंडा रखने के लिए बड़ा कूलर लगाया गया है। इसी तरह से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रांसफॉर्मर को ओवरहीट से बचाने के लिए अर्थिंग में पानी डाला जा रहा है।



# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी त्यौहार बकरीद व ज्येष्ठ दशहरा के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। आगामी त्यौहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत ज़िलें में थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। शनिवार देर शाम थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस, थाना हापुड़ देहात पुलिस, थाना हाफिज़पुर पुलिस, थाना बाबूगढ़ पुलिस, थाना सिम्भावली पुलिस, थाना गढ़ पुलिस, थाना बहाद.ुरगढ़ पुलिस, थाना धौलाना पुलिस और थाना पिलखुवा पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया व शान्तिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारियों ने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है परेशानी होने पर सूचना दें समस्या का समाधान किया जाएगा। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ले रही है।





# पंजाबी सभा समिति ने छात्रों के लिए किया मोटिवेशनल कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पंजाबी सभा समिति रजि. हापुड़ द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण पंजाबी समाज के बच्चों के लिए एक मोटिवेशनल कैंप का आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा अतरपुरा चौपला हापुड़ में किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करने के लिए प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर डा. राकेश अग्रवाल उनकी धर्मपत्नी व प्रख्यात कवित्री रानी कमलेश अग्रवाल और मैडिटेशन एवं थेरेपिस्ट सपना साहनी को आमंत्रित किया गया। पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष मनमोहन छाबड़ा ने प्रोफेसर डा. राकेश अग्रवाल का स्वागत किया जबकि महिला संयोजिका श्वेता मनचंदा ने रानी कमलेश अग्रवाल और सपना साहनी का स्वागत किया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को भविष्य में बेहतर अंक प्राप्त करने समाज और देश के लिए कार्य करने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। डा. राकेश अग्रवाल ने मेहनत और लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया जबकि रानी कमलेश अग्रवाल ने अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों में उत्साह जगाया। सपना साहनी ने ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित 38 पंजाबी छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी सभा समिति के कोषाध्यक्ष मदन भसीन, संरक्षक सुभाष सहगल, बलदेव चुग, सुरजीत सिंह आहूजा आदि लोग मौजूद रहे।



# तेज आंधी के चलते लाइट का खंभा गिरने से तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार की शाम तेज आंधी के कारण दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरने से तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां घायलों का उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। देर शाम तेज आंधी के कारण रामलीला मैदान में लगी स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरने से एक बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। साप्ताहिक बाजार में भी आंधी का असर देखा गया। कई दुकानों के तंबू उड़ गए और सामान बिखर गया। खरीदारी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शहर में कई जगह पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई।



# शहीद मेला एवं प्रदर्शनी में हुआ मुकाबला-ए- कव्वाली कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति हापुड़ के तत्वाधान में नगर क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में चल रहे शहीद मेला एवं प्रदर्शनी में शनिवार को मुकाबला-ए-कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सहज सूफ़ी व सौरभ सादाफ की शानदार क़व्वालियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

कव्वाली के बोल और संगीत ने देशभक्ति और सूफ़ी परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। जिसने सभी को भाव विभोर कर दिया। मेला समिति के पदाधिक. ारियों ने कलाकारों तिरंगा पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन शहीदों की कुर्बानी को याद करने और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार ने बताया कि मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को स्वाधीनता संग्राम के इतिहास से जोड़ने का भी एक जरिया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल, महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार, संरक्षक राघवेंद्र गर्ग, मिडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र त्यागी, प्रचार मंत्री अतुल अग्रवाल, मुकेश प्रजापति, उपमा शर्मा, संजय गुप्ता, प्रभात अग्रवाल, मनीष मक्खन श्रेष्ठ त्यागी, भकियू के राजकुमार त्यागी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

# ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बदमाश के कब्ज़े से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक को रहीस कवाड़ी की दुकान त्यागी कालोनी नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ हैं। उन्होंने बताया कि बदमाश की पहचान कासिम उर्फ अल्लावाला पुत्र हनीफ निवासी निवाजीपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। फिलहाल युवक की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड नगर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त प्रदेश सचिव किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त प्रदेश सचिव निसार पठान खान का पीर बहाउद्दीन ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इसी बीच सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त शहर मुख्य संगठक संदीप कुमार का भी लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त प्रदेश सचिव निसार पठान ने कहा हैं कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉक्टर प्रमोद पांडे ने उन्हें जिस उम्मीद और आशा के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। वह अपनी इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और पार्टी की विचारधारा के साथ निभाएंगे। निसार पठान की मिली जिम्मेदारी से कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त हैं। बधाई देने वालो में शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी, सेवादल यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अतिकूर रहमान सैफी, सद्दाम, विशाल भाटी, हारून सिद्दीकी, एडवोकेट शहजादा चौधरी, सादिक कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।



# नारद जयंती के अवसर पर युद्धकाल में पत्रकारिता विषय पर की गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को मेरठ रोड पर स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित नारद जयंती व हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के पत्रकार और सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों ने सहभागिता की।

सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युद्धकाल में पत्रकारिता विषय पर गहन चर्चा हुई। इस विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए स्तम्भ लेखक और राष्ट्रीय सुरक्षा व सामरिक विषयों के विशेषज्ञ दिव्य कुमार सोती ने कहा कि महर्षि नारद मुनि युद्ध कला की नीति के भी बहुत बड़े ज्ञाता थे। उन्होंने कहा कि आज का युद्ध सिर्फ हथियारों का ही नहीं सूचनाओं का भी है और आने वाले समय में पत्रकारों की भूमिका और भी बढ़ने वाली है। इस मौके पर अतिथि वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख पंकज शर्मा ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया भी पत्रकारिता का हिस्सा बन गया है। सोशल मीडिया पर डाली जाने वाली सूचना या समाचार का भी समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग भी राष्ट्र और समाज के हित को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन उत्तम सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में हापुड के सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्यागी ने कहा कि पत्रकारों को अपने कार्य को पूरी मेहनत और निष्ठा से करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हुए पत्रकार बंधुओं का अभिवादन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से लवीश कुमार, पंकज कुमार, संजीव, मोहित, सुधांशु माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन तलाश के अंतर्गत दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर व बहादुरगढ पुलिस द्वारा दो वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।

गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने दंगा करने और गैर कानूनी जमावड़े और हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे वारंटी सद्दाम पुत्र इसाफ अली निवासी ग्राम बदरखा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है जबकि थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे वारंटी प्रेम सिंह पुत्र सलेक निवासी ग्राम पसवाडा थाना बहादुरगढ को उसके गांव पसवाड़ा से गिरफ्तार किया है। दोनों वारंटी न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे। न्यायालय ने इनके खिलाक वारंटी जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने दोनों वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



# थाना पिलखुवा में धर्म गुरुओं के साथ हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बकरीद त्यौहार को लेकर पिलखुवा कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ अनीता चौहान कोतवाल पटनीश कुमार मौजूद रहे।

बैठक में सीओ अनीता चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेष को पूरी तरह नष्ट करना सुनिश्चित करें। साथ ही कुर्बानी का कोई वीडियो या फोटो न बनाया जाए। बैठक में सभी धर्म के धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने किसी भी अराजक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। साथ ही शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की बात कही। अधिक. ारियों ने आश्वासन दिया कि त्योहार से पहले सभी क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



# कांग्रेस जिला कोऑर्डिनेटर ने की कार्यकर्ताओं के साथ मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर एक मासिक बैठक हुई। बैठक में जिला कॉर्डिनेटर अवनीश काजला पहुंचे और कांग्रेसियों को संबो. धित करते हुए कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाए। अपने पद की नेम प्लेट अपने घरों के मेन गेट पर लगाए।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी को अगर पूर्ण निष्ठा से निभा ले, तो संगठन को खड़ा होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने हर पार्टी कार्यकर्ता को अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगे रहने का निर्देश दिया हैं। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष पिलखुआ मदन सिंह चौहान, एडवोकेट शहजादा चौधरी, सुबोध शास्त्री, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, राहुल शर्मा, लाल बहादुर, बृजेश कश्यप, चेतन प्रकाश यादव, चंद्रपाल केन, महबूब अली, मोहम्मद परवेज, गौरव शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

**मो. 9897823485, 9927631162**

**जिला कार्यालयः- अबेंडकर चौक हापुड़**

# सभी मिलकर एक जन अभियान बनाएं वृक्षारोपण कार्यक्रम: द्विवेदी

■ चेयरमैन पर्यावरण वन एवं जलवायु का बहेड़ी में हुआ स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नानक पुरी छंगा टांडा गुरुद्वारा में चेयरमैन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई भारत राहुल द्विवेदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय निर्देशक प्लांटेशन बोर्ड के रवि भारद्वाज रूद्र भी उपस्थित थे।

छंगा टांडा में स्वागत समारोह का आयोजन किसान यूनियन के बलजीत सिंह मान के नेतृत्व में किया गया। राहुल द्विवेदी और रवि भारद्वाज रूद्र को 51 किलो फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। राहुल द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने एक वृक्ष मां के नाम राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आव्हान किया।

स्वागत समारोह में सुधीर शर्मा, रामकुमार शर्मा, अमित राणा, भाजपा नेता कमल शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और ग्राम प्रधान उपस्थित थे। गुरुद्वारा नानक पुरी में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी बलजीत सिंह मान के आवास पर गए, जहां उनका स्वागत किया गया। इसके अलावा बहेड़ी में साईं सुधा वेंकट हाल में भी उनका स्वागत किया गया। इस दौरान विधानसभा संयोजक सुरेश गंगवार भाजपा नेता राहुल गुप्ता, ललित शर्मा, सुनील रस्तोगी, दिनकर गुप्ता, रूप किशोर गंगवार, अतुल गर्ग, राहुल शर्मा, बबलू भारद्वाज, अनूप गुप्ता, आशीष गुप्ता, सौरभ गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे

# शूद्र इकट्ठे हो जाएं तो होगी हमारी सरकार : भगवत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आगामी होने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को क्षेत्र के गांव इनायतपुर में आयोजित पीडीए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के साथ ही आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

पीडीए के जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने केंद्र और प्रदेश की सरकारों पर जमकर हमला बोला, कहा कि जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सारे वायदे झूठे साबित हुए, वहीं प्रदेश की योगी सरकार लोगों को आपस में लड़ाकर प्रदेश का भाई चारा खत्म करने में लगी है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि बढ़ती महंगाई से देश का हर आदमी परेशान है, नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है, किसान को उसकी फसल की कीमत नहीं मिल रही है, जब इस समस्याओं को उठाया जाता है तो सरकार हिन्दू मुसलमान का राग अलापने लगती है। उन्होंने सपा सरकार में किए गए कार्यों को गिनाते हुए अखिलेश यादव को किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों का हमदर्द बताया।

उन्होंने साफ साफ कहा कि अगर शूद्र यानि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक इकट्ठे हो गए तो प्रदेश में सपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। इसका उदाहरण गुजरा लोकसभा का चुनाव है, जिसमें सपा और गठबन्धन ने 43 सीटें जीती थीं। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कहा कि जिस घर के बेटे-बेटी पढ़ जाएंगे उस घर के साथ ही क्षेत्र का विकास होगा।

कार्यक्रम में निघासन विधानसभा के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव ने देश के प्रधानमंत्री पर झूठे वायदे करने का आरोप लगाया, कहा न तो काला धन वापस आया, न ही खाते में 15 लाख आए, न ही हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी मिल पाई, इतना ही नहीं किसानों की आय दोगुनी का वायदा भी खोखला निकला।



उन्होंने आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता से खोखले वायदे करने वालों को सबक सिखाने का आवाहन किया। आयोजन में सपा के जिला महासचिव संजीव यादव, योगेश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरषोत्तम गंगवार, नरोत्तम दास गंगवार उर्फ मुन्ना, तेज प्रकाश गंग. वार, जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर, तेजपाल गंगवार, नबाव अहमद अंसारी, अरविन्द गंगवार डब्लू, डॉक्टर हाजी मोईन वेग, डॉक्टर मुक्ता प्रसाद, पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, ग्राम प्रधान ओमेंद्र गंगवार, पूर्व प्रधान घासीराम गंगवार, जिला सचिव डॉक्टर सत्यदेव ओझा, अंजुमन के पूर्व अध्यक्ष तसव्वर हुसैन अंसारी, युवा नेता मोहीद सिद्दीकी, हरीश गंग. वार, वीरपाल गंगवार, डॉक्टर धर्मपाल गंगवार, किसान नेता चंद्र प्रकाश गंगवार उर्फ पप्पू, डॉक्टर विजय गंगवार, शराफत अंसारी, निराले अंसारी, प्रधान प्रहलाद गंग. वार, पप्पू गंगवार, डॉक्टर नवाब अहमद सहित बड़ी संख्या में सपाईयों ने भाग लिया। सभी ने आयोजक रवींद्र गंगवार की सफल कार्यक्रम के लिए सराहना की। आयोजन में पीडीए का पत्रक कार्यकर्ताओं को वितरित किया गया।

## एक नजर

### भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नगर उपाध्यक्ष बने दानिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** कस्बा निवासी मोहम्मद दानिश को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार ने मोहम्मद दानिश को नियुक्ति पत्र देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया है। बताते चलें कि मोहम्मद दानिश शीशगढ़ कस्बे के निवासी है। और वह कस्बे में ही अपना जूते का शोरूम चलाते है।

### अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पाल समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने तिकोनी दुकान पर पुष्प वर्षा एवं जलपान कर स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दीं, और पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गुप्ता ने पाल समाज का आभार व्यक्त किया, और कहा कि पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से समाज में एकता और भाई चारे की भावना का संचार होता है।



### रास्ते में बंधी भैंस ने ग्रामीण को उठाकर पटका

विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर की पिटाई, ग्रामीण का हाथ टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घटना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर की है, गांव का नारायन लाल मजदूरी के रुपए देने वीरेंद्र कुमार के घर आया था, रुपए देने के बाद दोनों साथ साथ घर से निकल कर जा रहे थे कि सरकारी जगह में बंधी भैंस ने नारायन लाल को उठाकर पटक दिया, जिसका उसके साथी मजदूर वीरेंद्र कुमार ने विरोध किया। जिसपर गांव के दबंग मंगली राम उनके भतीजे जसवीर ने उन्हें गंदी गन्दी गालियां देते हुए कहा कि वह ऐसे ही अपनी भैंस बांधेगा जिसे रोक मिले वह रोक ले।

आरोप है कि कुछ देर बाद जसवीर अपने भाईयों पप्पी, एवरन, घर में घुस आए और लाठी डंडी से हमला कर दिया। जिसमें बीरेंद्र कुमार का बाया हाथ टूट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### होमगार्ड ओम बाबू को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में तैनात होमगार्ड ओम बाबू को सेवा. निवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।

ओम बाबू 1984 में होमगार्ड में भर्ती हुए थे। सेवानिवृत्त होने पर रविवार को उन्हें कोतवाली देवरनियां में तैनात पुलिस कर्मियों और अन्य होमगार्ड साथियों ने भावभीनी विदाई दी, और उनके सेवाकाल की सरहाना की। इस दौरान कोतवाली के एसएसआई नवदीप सिंह, एस आई चन्दकीराम, सुनील कुमार, सुरेश बाबू, उत्तम सिंह, मोहम्मद यासीन, गंगा प्रसाद, कमला प्रसाद, रामपाल, नरेश पाल, हंसराम आदि उपस्थित रहे।

### जनपद में आठ केन्द्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा सफलता पूर्वक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में आठ केन्द्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

परीक्षा को सकुशल तथा शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने व पारदर्शिता बनाए रखने हेतु 12 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए थे। प्रथम पाली सुबह 09:00 बजे से 12:00 बजे तक 3767 विद्यार्थियों के सापेक्ष 3334 विद्यार्थियों तथा दूसरी पाली दोपहर 02:00 बजे से 05:00 तक 3767 विद्यार्थियों के सापेक्ष 3339 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने दी है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# हादसे को दावत दे रहा है मुख्य मार्ग के किनारे खड़ा बिजली का जर्जर पोल

■ छतों के ऊपर से मौत बनकर गुजर रहे हैं जर्जर हाइटेंशन के तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के बिलासपुर रोड मोहल्ला अगवाड़ा नीम तले के निकट जर्जर अवस्था में खड़ा बिजली का पोल किसी बड़े हादसे की तरफ इशारा कर रहा है। इस जर्जर पोल से आस पास के लोगों के ऊपर हर समय खतरा मंडरा रहा है।

घनी आबादी के बीच खड़े इस जर्जर पोल से हाइटेंशन के जर्जर तार भी ग्रामीणों की छतों पर होकर मौत बनकर लटक रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभागीय कर्मचारी चुप्पी साधे बैठे हैं। इस जर्जर पोल से लटक रहे जर्जर तार रात्रि में किसी बड़े वाहन में फंस गए तो बिजली का पोल धरासाई होकर सड़क पर गिरेगा और हाइटेंशन के जर्जर तार घरों में गिरकर बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं। यही खतरा ग्रामीणों की नींद उड़ा रहा है। यही समस्या कस्बे के अन्य स्थानों पर भी है जो विकराल रूप धारण करती जा रही है।



जर्जर हालत में खड़े बिजली के पोल व जर्जर तारों को हटाकर नई केबिल डाले जाने हेतु हमने अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश को लिखा है। इस जर्जर पोल व जर्जर तारों से हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान होना चाहिए।

**नीलोफर**
**चेयरमैन**
**नगर पंचायत शीशगढ़**

# भीषण गर्मी के कारणों फिर रुलाने लगी बिजली

■ दो - दो घंटे की शिफ्टों में मिल रही है विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे सहित क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों का हाल बेहाल है भीषण गर्मी में बिजली रुलाने लगी है। जाफरपुर बिजली घर से पोषित कस्बे सहित लगभग 160 गांवों के लोग बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से न मिलने से बेहद परेशान हैं।

एक तरफ झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है तो दूसरी तरफ बिजली की अघोषित कटौती रुला रही है। कस्बे में बिजली आपूर्ति बद से बदतर होती जा रही है। कस्बे में विद्युत आपूर्ति के लिए दो फीडर बनाए गए हैं। कस्बे में दो घंटे तक एक फीडर से आधे कस्बे को विद्युत आपूर्ति दी जाती है। उसके बाद दूसरे फीडर से बाकी कस्बे को विद्युत आपूर्ति की जाती है। एक फीडर दो घंटे के लिए चलता है। आधे कस्बे को विद्युत आपूर्ति मिलने पर आधा कस्बा बिना विद्युत आपूर्ति के रहता है।

क्षेत्र को मात्र दस से बारह घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। यही हाल गांवों का भी है। कस्बे की आपूर्ति बंद होती है फिर गांवों की आपूर्ति की जाती है।

### लोड पड़ने पर गिर जाती है एमसीबी

बिजली का लोड कम करने के उद्देश्य से प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर एमसीबी लगाई गई हैजब लोड बढ़ता है तो एमसीबी गिर जाती है और आपूर्ति बंद हो जाती है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली की मांग भी बड़ी है, जिस कारण एमसीबी बार बार गिरने से उपभोक्ताओं की परेशानी और अधिक बढ़ गई है कुछ स्थानों पर तो हर पांच से दस मिनट में एमसीबी गिर जाती है। गर्मी से बेहाल ग्रामीण नींद से उठ उठ कर पूरी रात एमसीबी को उठाने भागते हैं। यह क्रम पिछले दो माह से चल रहा है। एमसीबी ने तो ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। आखिर कब तक झेलेंगे ग्रामीण इस एमस बीके दंश को।

ओवर लोड होने पर बार बार फाल्ट होते थे, केबिल में आग लग जाती थी। इस फाल्ट की समस्या को रोकने के उद्देश्य से ही एमसीबी लगाई गई है। ओवर लोड के कारण ही कस्बे को दो हिस्सों में बांटकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जल्द ही इसका भी समाधान कर दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति कराना है।

**संतोष कुमार शर्मा**
**अवर अभियंता, विद्युत उपकेंद्र जाफरपुर/शेरगढ़**

# उर्स-ए-शाह जी का जुलूस-ए-परचम कुशाई शांतिपूर्वक संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में पिछले 35 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत उर्स-ए-शाह जी के मौके पर निकलने वाला जुलूस-ए-परचम कुशाई इस बार भी पूरे धार्मिक उत्साह और शांति के साथ संपन्न हुआ। जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए और शांति व भाई चारे का संदेश दिया।

जुलूस-ए-परचम कुशाई हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा प्रतीक बना हुआ है। परंपरागत रास्तों से गुजरता यह जुलूस आपसी सौहार्द और एकता की मिसाल पेश करता है। खास बात यह है कि पिछले 35 वर्षों में इस जुलूस के दौरान कभी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, जो इसकी शांतिपूर्ण प्रकृति और सामुदायिक एकजुटता को दर्शाता है। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन और आयोज. कों के सहयोग से कार्यक्रम निर्विन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर उत्सव की खुशी साझा की, जो बहेड़ी की सांस्कृतिक और सामा. जिक एकता को और मजबूत करता है। इस अवसर पर हाफिज अनबार, सलीम चन्दा सहित खानकाहे शेरिया के तमाम लोग मौजूद रहे।

# देवरनियां में बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी परेशान

■ भाकियू जिला उपाध्यक्ष सुधार न होने पर करेंगे डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** जिला मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे स्थित नगर पंचायत देव. रनियां में बिजली का बुरा हाल है। बिजली कटौती को लेकर परेशान जघ्नता के फोन महकमे के अफसर नहीं उठा रहे हैं। जिसको लेकर नगर वासियों में आक्रोश पनप रहा है। वहीं नगर वासियों कीष समस्या को समझते हुए सुधार न होने पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष ने डीएम से मुलाकात कर शिकायत करने को कहा।




देवरनियां, मुंडिया जागीर, सेमीखेड़ा कस्बों को मिलाकर बनी करीब तीस हजार की आबादी वाली नगर पंचायत देवरनियां में पिछले कुछ दिनों से बिजली की अंधाधुंध कटौती हो रही है। इस भीषण गर्मी में जहां लोगों को बुरा हाल है, वहीं बिजली महकमे के अफसर इस तरफ अंजान बने हुए हैं। लोगों की समस्या का समाधान कराना तो दूर, फोन तक नहीं उठा रहे हैं। यहां तक कि मीडिया कर्मियों के फोन भी अधिकारी नही उठाना मुनासिब समझते हैं।

नगर में बनी बिजली समस्या को भाकियू के जिला उपाध्यक्ष और नगर पंचायत चेयरमैन पद चुनाव में दूसरे नम्बर पर रहे मुस्तफा उर्फ लल्ला खां ने महसूस किया है। उन्होंने कहा है कि अगर जल्द ही बिजली में सुधार नहीं हुआ तो डीएम से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी।

### उदरा गांव पांच दिन से अंधेरे में डूबा

एक तरफ सरकार के सख्त निर्देश हैं कि अगर कोई ट्रान्सफार्मर फुँका तो क्षेत्र के अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी, मगर उदरा गांव का ट्रान्सफार्मर को फुंके पांच दिन हो गये, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है।

# अवैध संबंधों के शक में जरी कारीगर की चाकू से गोदकर हत्या

■ दिनदहाड़े हुई वारदात, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कांकरटोला में जरी कारीगर की ताबड़तोड़ चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी की तलाश में पुलिस व एसओजी टीम दबिश दे रही है। परिवार ने पुरानी रंजिश में हत्या बताकर रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन पूछताछ में खुला है कि आरोपी को शक था कि जरी कारीगर के उसकी पत्नी से संबंध हैं। उसने अपनी पत्नी से भी मारपीट की थी।

35 साल का अरशद एक जरी कारखाने में कारीगर था। परिजनों के मुताबिक उसकी भाभी की तबियत खराब थी। उनके लिए खून का इंतजाम करने अरशद शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे ब्लड बैंक जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आमिर ने उसपर अचानक चाकु से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल अरशद को परिजनों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, वहां इलाज के दौरान शाम पांच बजे उसकी मौत हो गई।

अरशद के पिता जहीर अहमद ने बाराद. री थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आमिर और उसके बेटे फरमान ने उनके बेटे की चाकू मारकर हत्या की है। बताया है कि अरशद और आमिर के बीच करीब एक महीने पहले शादी समारोह में झगड़ा हो गया था। उसके बाद से आमिर उनके बेटे से रंजिश मानता था और उसकी हत्या कर दी।

### पत्नी पर शक की वजह से की हत्या

घटना की सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी सिटी मानुष पारीक व सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने भी मुआयना किया। उन्होंने पूछताछ की तो पता लगा कि आमिर शक्की मिजाज इंसान है। चूंकि अरशद की शादी नहीं हुई थी, और उसका आमिर के घर की ओर आना जाना था, तो आमिर को लगता था कि उसकी पत्नी से उसके संबंध हैं। इस वजह से वह कुछ दिनों से अपनी पत्नी की भी पिटाई कर रहा था।

# पुलिस ने आधा दर्जन जुआरियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात पुलिस ने छापा मारी कर आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से जहां 70 हजार रुपए और 8 मोबाइल बरामद किए हैं, वहीं उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें थाने से जमानत देकर रिहा कर दिया गया।

गुजरी शनिवार की रात पुलिस को कस्बे के एसएसटी इण्टर कॉलेज के पास बड़े पैमाने पर जुआ होने की सूचना मुखबिर द्वारा दी गई, जिसपर थाने के के उप निरीक्षक सचिन चौधरी, अभिषेक नागर, पुलिस कर्मियों इमरान, दीपक गिरी, रवि कुमार, अबधेश, राहुल कुमार, अरुण कुमार, कमल मलिक, राकेश कुमार को साथ लेकर एसएसटी इण्टर कॉलेज के पास जा पहुंचे, और घेराबंदी करते हुए कस्बे की गुलशन नगर बस्ती के अभिषेक सिंह, बांके बिहार कालौनी के कृष्ण पाल, पक्का कटरा आंवला के वरुण शर्मा, कस्बे की नीमगढ़ बस्ती के विकास गुप्ता, नई बस्ती के मो. जावेद, नीमगढ़ के शिव कैलाश गुप्ता के पुत्र विकास गुप्ता को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से ताश के पत्तों के साथ ही 70 हजार रुपये और 8 मोबाइल भी बरामद किए हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत विशनपुर गुलड़िया विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विशनपुर गुलड़िया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलियां क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिबल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 06.06.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**महेंद्र पाल** (प्रधान) **ओमेन्द्र कुमार** (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत विजौरिया विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विजौरिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलियां क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिबल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 06.06.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**भूपेन्द्र कुमार** (प्रधान) **ओमेन्द्र कुमार** (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत छितौनिया विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छितोनिया विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलियां क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिबल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 06.06.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**राजकुमार** (प्रधान) **ओमेन्द्र कुमार** (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत विहारीपुर विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विहारीपुर विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलियां क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिबल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 06.06.2025 को शाम 4:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**तसलीम अहमद** (प्रधान) **ओमेन्द्र कुमार** (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत मितापुर जागीर विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मितापुर जागीर विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलियां क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिबल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 06.06.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**रेहाना बेगम** (प्रधान) **ओमेन्द्र कुमार** (सचिव)

# बीएड प्रवेश परीक्षा से 629 ने किया किनारा

## जिले के पांच केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा से 629 अभ्यर्थियों ने किनारा कर लिया। 4538 में से 3909 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे। सैक्टर मजिस्ट्रेट लगातार केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे।



रविवार को जिले के पांच केन्द्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस का कड़ा पहरा रहा। जेएस हिन्दू पीजी कालेज पहली पाली में 77 जबकि दूसरी में 73, जेएस हिन्दू पीजी कालेज ब्लाक बी में पहली पाली में 318 जबकि दूसरी में 311, जेएस हिन्दू इंटर कालेज में पहली पाली में 64 जबकि दूसरी में 63, आईएम इंटर कालेज में पहली व दूसरी पाली में 63 जबकि राजकीय इंटर कालेज में पहली पाली में 55 जबकि दूसरी में 54 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। पांचों केन्द्रों पर 629 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किये गये थे।

### भारी वाहनों की शहर में रही नो एन्ट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को भी डायवर्ट कर दिया गया। भारी वाहन समेत कार व ऑटो का भी संचालन बदले मार्गो से किया गया। बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को दुरस्त रखने के लिए रविवार को वाहनों को डायवर्ट किया गया। शहर में भारी वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों की भी नो ऐन्ट्री थी। इसके अलावा ई रिक्शा व आटो के रूट भी निर्धारित किये गये थे। सभी चौराहों पर यातायात व स्थानीय पुलिस तैनात की गयी थी ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### तीसरी आंख की निगरानी में हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गयी। जबकि दो सौ मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकाने पूरी तरह बंद रहीं। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सफल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पिछले काफी दिनों से तैयारी में लगा था। परीक्षा को नकलविहिन कराने के लिए डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्देश जारी किये जा रहे थे। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गयी। जबकि केन्द्र के दो सौ मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानों को भी बंद कराया गय। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# ट्रैक्टर पर चढ़ते समय छात्र पर उतरा पहिया, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ट्रैक्टर पर चढ़ते समय गिरे छात्र की पहिया उतरने से मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर माफी का है। यहां पेशे से मजदूर रवि कुमार का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी भूरिया देवी के अलावा चार बेटे हैं। उनका बड़ा बेटा विनीत कुमार स्थानीय एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। स्कूल की छुट्टियां होने पर विनीत परिवार को आर्थिक सहारा देने के लिए गांव के ही उसमान के ट्रैक्टर-ट्राली पर काम कर रहा था। गांव के अन्य युवकों के साथ वह ईंटे ढोहता था। रविवार सुबह वह ईंटे उतराने गांव सहसपुर अलीनगर गया था। बताया जा रहा है रास्ते में पढ़ने वाले आईटीआई कालेज के पास एक पेड़ से आम तोड़ने के लिए उतरा विनीत जब वापस चलते ट्रैक्टर पर चढ़ा तो उसका पैर फिसल गया। जिससे वह नीचे गिर गया, ट्रैक्टर का पहिया उसके उपर उतर गया। गंभीर घायल विनीत को पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में पोस्टमार्टम कराए बिना मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने घटना संज्ञान में होने से इनकार किया है।

# हाइवे पर दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत

## वृद्धा की मौत, बेटी व नातिन गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दो कारों की भिड़ंत में वृद्धा की मौत हो गई जबकि मृतका की बेटी व नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर शव पोस्टमार्टम को भेजा। मामले में कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाना क्षेत्र की सीमा में हाईवे पर हादसा शनिवार सुबह वेंकटेश्वरा पुलिस चौकी के पास फ्लाई ओवर पर हुआ। मुरादाबाद शहर के मोहल्ला दीनदयाल नगर में पवन रस्तौगी का परिवार रहता है। वह अपनी 90 वर्षीय सास राममूर्ति देवी, पत्नी बबीता रस्तौगी व बेटी मानवी के साथ वैगनआर कार में सवार होकर मेरठ जा रहे थे। फ्लाईओवर से गुजरते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार आईटेन कार ने वैगनआर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पवन रस्तौगी बाल-बाल बच गए जबकि राममूर्ति देवी, बबीता व मानवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने राममूर्ति देवी को मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त कारों को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी कार चालक को जल्दी गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

# बंद पड़े मकान से लाखों का माल उड़ाया

## एक महीने में चोरी की दूसरी वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एक बंद पड़े मकान में अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपये के समान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सूचना पर कस्बा इंचार्ज द्वारा मौका मुआयना किया गया है। चोरों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। पीड़ित गृह स्वामी द्वारा एक महीने में दो बार चोरी होने से पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाये हैं।

नगर के पुराना डाकघर से मोहल्ला लाल. बाग को जाने वाले मार्ग पर राजबाला शर्मा पत्नी स्वर्गीय अभय शर्मा का मकान है। यह मकान काफी समय से बंद है। राजबाला अपने परिवार के साथ ग्रीन सिटी में रह रही हैं। रविवार को वह अपने बंद पड़े मकान पर आई तो जीने का ताला खोलकर जैसी वह ऊपर पहुंची तो उनके होश उड़ गये। दोनों कमरों की ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा मौका मुआयना किया गया। पीड़ित राजबाला द्वारा बताया गया की 1 मई को उनके पड़ोस में विशाल शर्मा के यहां तथा 6 मई को उनके



मकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई थी एक महीने में ही दो बार चोरी होने से प्रतीत होता है कि चोरों के हौसले बुलंद है। पीड़िता द्वारा बताया गया कि घर में रखे पुराने बर्तन,पंख एवं घरेलू सामान चोरी हुआ है। जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए होगी। कस्बा इंचार्ज संदीप पवार द्वारा चोरी की सूचना पर मौका मुआयना किया गया है।

## एक नजर

### हार्टअटैक से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। हार्टअटैक से मजदूर की मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र में हृदय गति रूकने से मौतों का सिल. सिला लगातार जारी है। बीते दिन यहां शिक्षामित्र की हार्टफेल होने से मौत हुई थी। वहीं ताजा मामला गांव चकफेरी का है। यहां का रहने वाला महीपाल सिंह (32) मेहनत मजदूरी कर परिवार का पेट पालता था। बीती सांय अचानक उसके सीने में दर्द उठा। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। यह देख परिजन घबरा गये तथा महीपाल को निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। डाक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत से घर में मातम छा गया। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

### लाइन ठीक करते करंट से झुलसा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। लाईन ठीक करते युवक को जोर का करंट लगा जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे हसनपुर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गुरैठा खादर निवासी अरविंद पुत्र जगदीश बिजलीघर से शटडाउन लेकर गांव चेकफेरी विद्युत लाइन सही कर रहा था। गांव सिमथला को जाने वाली लाइन में विद्युत करंट दौड़ रहा था। जब वह लाइल से टच हुआ तो गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे हसनपुर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### बुढ़नपुर-सिबौरा बिजलीघर का लोड बढ़ाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। भाजपाईयों ने बिजली मंत्री डा. सुरेन्द्र तोमर को ज्ञापन सोंप बुढ़नपुर सिबौरा बिजलीघर का लोड बढ़ाने की मांग की। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि गांव रसूलपुर गुर्जर, शेखपुर गुर्जर, सिबौरा, जग्गा नगला, ढेला नगला, मिलक डिडौली, शहबाजपुर कटाई आदि के किसान बिजली आपूर्ति की समस्या से काफी परेशान है। दस एमबीए मशीन को अन्य उपकेन्द्र पर भिजवा दिया गया है। जिससे किसानों को बिजली नहीं मिल रही तथा उनकी फसले सूख रहीं है। उन्होने ऊर्जामंत्री से समस्या दूर करने की मांग की। इस मौके पर संदीप पंवार, अशोक प्रधान, चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रेस कांफ्रेंस तीन को

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। जेएस हिन्दू पीजी कालेज में तीन जून को समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश में आ रही समस्याओं व समाधान विषय पर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जायेगा। यह जानक. ारी प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने दी।

# हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड

## दमकल की आठ गाड़ियों ने ढाई घंटे में पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। दमकल विभाग की आठ गाड़ियों में ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। आग की लपटे देख आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अग्निकांड में लाखों रूपये नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

घटना शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे की है। मुरादाबाद निवासी एक्सपोर्टर विजित अग्रवाल की कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया में एक्जोटिक इंडिया एक्सपोर्ट के नाम से फैक्ट्री है। हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में मेटल से घरों की डेकोरेशन से जुड़े प्रोडेक्ट बनाए जाते हैं, जिन्हें एक्सपोर्ट किया जाता है। पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि उस वक्त फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। आग की लपटे इतनी विकराल थी कि फैक्ट्री दूर से आग का गोला बनी दिख रही थी। अग्निकांड से इलाके में अफरातफरी मच गई।



आसपास रहने वाले लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं, आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आसमान छूती लपटें हवा के साथ बेकाबू होती रहीं। दमकल टीम का नेतृत्व कर रह मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार ने गजरौला, मुरादाबाद व सीएल गुप्ता से दो-दो दमकल गाड़ियों को मौके पर बुला लिया। दमकल की आठ गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं, फैक्ट्री में आग लगने के क्या कारण रहे, इसका पता फिलहाल नहीं चल सका है। हीट वेव के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# चैक बाउंस होने पर छह महीने जेल की सजा

## 4 लाख 8 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चेक बाउंस के मामले में एसीजेएम कोर्ट ने 6 महीने जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 4 लाख 8 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। धनराशि से 10 हजार रुपये राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी पालिका कर्मी रजनेश की मोहल्ला छंगा दरवाजा के रहने वाले अनिल से करीबी रिश्तेदारी है। साल 2020 में अनिल ने जरूरत बताकर रजनेश कुमार से तीन लाख रुपये उधार लिए थे। वादे के मुता. बिक पैसे नहीं लौटाने पर रजनेश ने जब तकादा किया तो अनिल ने बदले में 3 लाख रुपये की धनराशि का एक चेक दे दिया। लिहाजा, 15 जुलाई 2020 को तय तारीख पर रजनेश ने चेक अपने बैंक खाते में जमा करा दिया लेकिन अनिल के खाते में धनराशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पैसे लौटने में आनाक. ानी करने पर बाद में रजनेश ने मामले में 6 अक्तूबर 2020 को एसीजेएम प्रथम अभिषेक कुमार व्यास की कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट में चली सुनवाई के दौरान वादी की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद यूसुफ सिद्दीकी तो वहीं अभियुक्त अनिल की तरफ से मोहम्मद अकरम उस्मानी ने बहस की। बीती 22 मई को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अनिल को दोषी करार दिया। 6 महीने जेल की सजा सुनाई तथा 4 लाख 8 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# कार-बाइक की भिड़ंत में छात्रा की मौत

## बाइक सवार युवक भी गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। उझारी- ढबारसी मार्ग पर कार और बाइक में आमने सामने की भयंकर टक्कर हो गई। जिसमें हादसे के बाद कार सड़क पर पलट गई। बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि भांजी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भसरोली निवासी बुद्धा सिंह का बेटा दानवीर रविवार को बाइक पर सवार होकर सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव करनपुर सुतारी से अपनी भांजी लक्ष्मी पुत्री सौदान सिंह को बाइक पर बैठा कर अपने घर आ रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक सैदनगली थाना क्षेत्र में उझारी- ढबारसी मार्ग पर गांव कुआं डाली के नजदीक बने अंडरपास के पास पहुंची तो अचानक उझारी की दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बाइक पर बैठी 15 वर्षीय लक्ष्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दानवीर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को तत्काल सरकारी एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर लाया गया। गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने घायल दानवीर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि पुलिस ने मृतक छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि मृतक छात्रा पड़ोस के गांव में स्थित एक पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा थी। वह दो भाई दो बहनों में दूसरे नंबर की थी। छात्रा की मौत से भाई अभिषेक,पुष्पेंद्र बहन कुसुम तथा मां भागवती समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर रौशन होंगी अमरोहा की सड़कें

## सड़कों के दोनों तरफ डैकोरेटिव पोल लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। शहर की सड़कों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर डैकोरेटिव पोल लाइट से जगमग किया जायेगा। इससे शहर की सुन्दरता में चार चांद लगेंगे।

पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देशानुसार पालिका को शहर की सड़कों का विकास मुरादाबाद नगर निगम की तर्ज पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष शशि जैन के नेतृत्व में पालिका द्वारा लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। डम्पिंग ग्राउंड में वर्षो पुराने कूड़े से जैविक खादों का निर्माण हो रहा है। प्रत्येक गली व सड़क को पक्का कराने व नाले नालियों का निर्माण कराने में भी पालिका हर समय प्रयासरत् है। गली मोहल्लों में ईडी लाइटे चमक रही हैं। सरकारी शादी घर के लिए कल्याण मंडप की स्थापना करायी जा रही है। महानगरों व स्मार्ट सिटी की तर्ज




पर पालिका अब शहर को भी नया रूप देने के प्रयास में लगी है। टीपीनगर चौराहे से अटल चौक होते हुए लकड़ा तक मुख्य मार्ग के दोनों साइड स्मार्ट डैकोरेटिव पोल लगाये गये हैं। बीते दिन इसका ट्रायल भी किया गया।

# अवैध अल्ट्रासाउंड सैंटरों पर लटके ताले

## छापेमारी के डर से दुकानों के शटर गिराकर भूमिगत हुए संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। छापेमारी के डर से अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी लैब संचालक ताले लटकाकर फरार हो गये हैं। बताया तो यहां तक जाता है कि स्वास्थ्य विभाग उन्हें इसकी जानकारी मुहैया करा देता है। जिस कारण वह कार्रवाई से बच

### विभागीय छापे से पहले ही लीक हो जाती है सूचना

जाते हैं तथा कुछ दिन शांत रहने के बाद फिर से अपना गोरख धंधा शुरू कर देते हैं। जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी लैब व अस्पतालों की भरमार है। जो स्वास्थ्य के लिए भी मोटी आमदनी का जरिया बने हैं। हर हाल इनसे लाखों की कमाई होती है। बताया जाता है कि पिछले दिनों जिलाधिकारी के निर्देश पर इनके खिलाफ अभियान शुरू किया गया था। जिसके तहत बीते दिन जोया स्थित केयर हॉस्पिटल के संचालक तैयब चौहान के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया था। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का खौफ अब अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड सैंटर व अस्पतालों के संचालकों पर दिखाई देने लगा है। हसनपुर क्षेत्र में दर्जनों अवैध सैंटरों पर ताले लटकाकर इनके संचालक फरार हो गये हैं। यही हाल जिले में अन्य स्थानों का भी है। पूर्व में जिला समन्वयक एवं विकास समिति की बैठक में सांसद कंवर सिंह तंवर ने अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब व क्लीनिकों पर कार्रवाई की जाये। परन्तु उनके आदेशों को भी अधिकारियों ने अधिक तवज्जो नहीं दी। इतना ही नहीं जिस समय प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने जिले के विकास कार्यो की समीक्षा की थी तब भी उनके सामने इसका दुखड़ा रोया गया था। लेकिन हालात में बदलाव नजर नहीं आ रहा। स्वास्थ्य विभाग कुछ दिन की कार्रवाई के बाद शांत हो जाता है। इसके बाद फिर से ऐसे अस्पताल व अल्ट्रासाउंड सैंटर तथ पैथोलॉजी लैब के संचालक सक्रिय हो जाते हैं। जब तक विभाग इनके खिलाफ सख्त एक्शन नहीं लगा तब तक इस पर रोक लगाना मुश्लिक है।



### भाजपा नेता ने लगाए थे सीएमओ पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी ने अवैध अल्ट्रासाउंड सैंटरों को लेकर सीएमओ डा. सत्यपाल पर गंभीर आरोप लगाये थे। दोनों में बीच सड़क पर तीखी झड़प हुई थी। इस मामले में पिंटू भाटी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

## मेले में जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 10 घायल, रास्ते से गुजर रहे डीएम ने एंबुलेंस बुलाकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया



**पीलीभीत।** रविवार प्रातः लगभग 10 बजे पीलीभीत माधौटांडा राजमार्ग पर ग्राम पंचायत कैम के निकट जनपद बरेली की तहसील बहेड़ी से सिद्ध बाबा मेला जा रही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट जाने से लगभग 10 व्यक्ति घायल हुए है, जिनको तत्काल घटना स्थल से गुजर रहे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने एम्बुलेंस के मौके पर पहुंचने के पूर्व ही उपजिलाधिकारी सदर के शासकीय वाहन से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाँया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित रहकर स्वयं राहत एवं उपचार की व्यवस्था करायी गयी। सिद्ध बाबा मेले मे बड़ी संख्या में पीलीभीत माधौटांडा मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली के अधिक आवागमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया द्वारा निम्नलिखित राजस्व अधिकारियों/कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अक्षय यादव नायब तहसीलदार तहसील कलीनगर, पवन यादव, नायब तहसीलदार तहसील सदर पीलीभीत, काशीराम, राजस्व निरीक्षक तहसील कलीनगर, राकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक तहसील सदर पीलीभीत, अमित गंगवार, लेखपाल तहसील कलीनगर, जयशंकर, लेखपाल तहसील कलीनगर, नरेन्द्र कुमार, लेखपाल तहसील सदर पीलीभीत, दीपक सागर, लेखपाल तहसील सदर पीलीभीत एवं दीपिका, लेखपाल तहसील सदर पीलीभीत की डयूटी लगाई गई है। उपरोक्त नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सिद्ध बाबा मेला के दृष्टिगत मार्ग पर आवागमन कर रहे वाहनों के सुरक्षित संचालन एवं सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वतन्त्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में खाद्य निरीक्षक तेजबहादुर एवं प्रेम कुमार यादव मेला क्षेत्र में संचालित खाद्य वस्तुओं की दुकानों में भीषण गर्मी के दृष्टिगत खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता का परीक्षण कर

## लूट की झूठी सूचना देकर महिला अपनी ही बातों में फंसी



**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र बीसलपुर रोड रूपपुर कमालू पेट्रोल पंप के पास क्योलडिया थाना क्षेत्र राम लली ने 112 पर रविवार सुबह करीब 7 बजे कॉल कर पुलिस सहायत की मांग की जिसमें महिला ने बताया कि वह अपने भाई के घर अपने घर जाने को आसाम चौराहे पर खड़ी तभी दो युवकों सफेद रंग की कार से आए उन्होंने लिफ्ट देने का झांसा देकर गाड़ी में बिठा लिया। जब रूपपुर कमालू के करीब पहुंचे तभी चांदी की जेवरी और नगदी व गेहूं का भरा थैला ले लिया और रामलली को पेट्रोल पंप के आगे सुनसान जगह पर उतार दिया। महिला ने रूपपुर कमालू के एक युवक के फोन से 112 को सूचना दी मौके पर 112 पुलिस ने आकर जांच की और आसाम चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र बालियान को सूचना दी। मौके पर रविन्द्र उप निरीक्षक अपनी टीम सहित महिला से जांच पड़ताल करने पहुंचे। महिला अपनी कही बातों से बदलती रही तभी शक हुआ और पुलिस टीम ने गहनता से जांच की तो पाया गया महिला झूठ बोल रही है। सीसीटीवी तलाश करने पर कोई भी घटना न होना पाया गया। महिला को आसाम चौकी प्रभारी और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा किराया और जल पान कराकर अपने घर रवाना कर दिया। उप निरीक्षक रविन्द्र बालियान और हेड कांस्टेबल वसीम और कांस्टेबल संतोष ने बहुत ही विवेक बुद्धि और तार्किक जांच से महज 2 घंटे में ही लूट की घटना की सूचना को निष्पादित कर दिया। जब से उप निरीक्षक रविन्द्र बालियान आसाम चौकी प्रभारी कार्यभार संभाला है चौकी क्षेत्र में अपराधियों में भय का

## गाँव की समस्या गाँव में समाधान मिशन का तहसीलदार ने किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** आदि माँ गोमती उद्गम गंगा पर रविवार को दोपहर जन कल्याण सुरक्षा संघ सामाजिक संगठन के द्वारा संचालित मिशन गाँव की समस्या गाँव में समाधान का शुभारंभ वीरेंद्र कुमार तहसीलदार कलीनगर के द्वारा गोमती मैया की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान समाजसेवी अशोक खंडेलवाल कवि/पत्रकार सतीश मिश्रा, पत्रकार नवीन अग्रवाल उपस्थित रहें। जेकेएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जन कल्याण सुरक्षा संघ समाज के दबे कुचले शोषित वंचित किसान मजदूर गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करने के लिए भारत में कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में गाँव की समस्या गाँव में समाधान मिशन का शुभारंभ किया गया है जो जनपद मंडल एवं प्रदेश स्तर गाँवों में एक वर्ष के लिए चलाया जाएगा जिसमें गांव-गांव की समस्याओं को जड़ से समाधान करने का प्रयास अधिकारियों के माध्यम से किया जाएगा। श्रीपाल सिंह राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि भारत गांव का देश है ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं बनी हुई है जब तक उन समस्याओं का निदान नहीं होता है तब तक गाँव के लोग खुशहाल नहीं हो सकते उनकी समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर होना चाहिए इससे उनका समय और धन की बर्बादी नहीं होगी इसीलिए अधिका. रियों से अपेक्षा की जाति की इस मिशन में सहयोग करें।

## हजरत शाहजी मियां के उर्स के मौके पर सुभासपा ने पेस की चादर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा कैफ रजा कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा मंच की अध्यक्षता में हजरत शाहजी मोहम्मद शेर मियां रजी अल्लाह ताला आना के 122 में उर्स के मौके पर मजार पर चादर और अकीदत के फूल पेश किए कैफ रजा ने कहा कि हजरत के उर्स में हिंदुस्तान के कोने-कोने से जायरीन आते हैं और फैज पाते है और देश की तरक्की और एकता अमन चैन भाईचारे के लिए दुआ की गई मौजूद रहे शिविल खान मंडल अध्यक्ष युवा मंच, अजहर खान बरेली मंडल मीडिया प्रभारी, राजू वर्मा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष, जिया उल हसन जिला मीडिया प्रभारी शादाब मोहसिन खान अधिक मौजूद रहे।

## कार से 348.375 लीटर शराब बरामद

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस एवं आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से कुल 348.375 लीटर अवैध शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्ता एक कार बरामद की गई है। रविवार की रात करीब 12 बजे थाना रिफाइनरी पुलिस टीम एवं आबकारी टीम द्वारा संयुक्त रूप से चौकिंग के दौरान बरारी चौकी मोड, एनएच 19 से अभियुक्त गोबिन्द पुत्र मेरसिहं निवासी ग्राम गढी हकीकत थाना मोहाना जिला सोनीपत हरियाणा व सचिन पुत्र चांदराम निवासी रतनगढ थाना मोहाना जिला सोनीपत हरियाणा को कुल 348.375 लीटर अन्तर्राज्यीय अवैध शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त एक कार के साथ गिरफ्तार किया। कार्यवाही करने वाली टीम में आवकारी निरीक्षक निहान्त यादव, थानाध्यक्ष अजय वर्मा थाना रिफाइनरी, एसआई अखिलेश कुमार रिफाइनरी, एसआई जगद. ीश सिंह रिफाइनरी, अमित वघेल आबकारी आदि थे।

# प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने किया पीटीआर का भ्रमण



पीलीभीत। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र० लखनऊ द्वारा पीलीभीत टाईगर रिजर्व पीलीभीत का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उनके द्वारा माला एंव महोफ रेंज के अर्न्तगत चेनलिंक फैसिंग कार्य का निरीक्षण किया गया तथा मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया गया तथा कर्मचारियों को ग्रामीणों से सामान्जस्य बनाकर वन्यजीव संघर्ष को नियन्त्रण करने के लिए जागरूक करने हेतु निर्देश दिए। उनके द्वारा पीलीभीत टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत बने कच्चे पक्के वाटर होल का निरीक्षण किया गया तथा सोलर वाटर पम्पों द्वारा तालाबों में पानी की उपलब्धता देखी गयी तथा उक्त कार्य की सराहना की गयी। जिसमें वन्यजीवों के लिए वर्ष पर्यन्त पानी उपलब्ध रहे। रेंजों में स्थापित ई-सर्विलॉस टावर तथा वाच टावर का भी निरीक्षण किया गया। वन्यजीवों के लिए ग्रास लैण्ड मैनेजमेंट क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया गया। सामाजिक वानिकी प्रभाग पीलीभीत के अन्तर्गत वर्ष 2025 में वृक्षारोपण की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। मार्गो के किनारे वृक्षारोपण कार्य तथा पौधशालाओं का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पूरनपुर रेंज के गोपालपुर वन खण्ड के अन्तर्गत निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया गया तथा उक्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक महोदय द्वारा चूका बीच पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया गया तथा पर्यटकों की अच्छी संख्या देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। पीलीभीत टाईगर रिजर्व प्रशासन द्वारा किए जा रहे मानव वन्यजीव संघर्ष नियन्त्रण एवं पर्यटन क्षेत्र के मैनेजमेंट कार्य तथा वन एवं वन्यजीव सुरक्षा जैसे कार्यों की सराहना की गयी।

## शोभायात्र में हुई अहिल्याबाई होल्कर की जय-जयकार



शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** अहिल्याबाई होल्कर सेवा समिति के तत्वाधान ने लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शनिवार क शाम को नगर में शोभायात्रा निकाली। भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। हिन्दू विश्रांति कुंज से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शुभारम्भ करते हुए मंत्री प्रतिनिधि कर्मवीर सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने सदैव अपने राज्य और वहां के लोगों के हित कार्य किए। उनका शासन बहुत ही सुगम और सरल था। लोकमाता ने अपने क्षेत्र के लोगों के साथ बड़े ही प्रेमपूर्वक और दया के साथ व्यवहार किया। शोभायात्रा सब्जी मंडी, भामाशाह चौक, पंजाबी बाजार, घंटाघर, शेरगढ तिराहा, एएन फ्लैक्स गैलरी के सामने, अग्रसेन मार्ग होते हुए भगवती रोड पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में पाल-बघेल समाज के युवा अहिल्याबाई होल्कर की जय-जयकार करते हुए चल रहे थे। अध्यक्ष इंद्रपाल धनगर, महेशपाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मनीष सामलिया, शिवकांत चौधरी, मुकेश वकील, सत्यवीर सांगवान, सौरभ जैन, धर्मपाल बघेल, महेश बघेल, रामवीर बघेल उपस्थित थे आदि मौजूद रहे।

## कपड़े से लेकर बकरे तक का बाजार हुआ गुलजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** बकरीद 7 जून को मनाई जाएगी। त्योहार नजदीक देख एक हफ्ते पहले से ही बाजार गुलजार हो गए हैं। बकरीद के दिन सुबह ईदगाहों और प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। त्योहार पर सेवइयों के साथ ही कई पकवान बनाने के लिए मुस्लिम परिवारों में तैयारियां चल रही हैं। गांव में बकरों की खरीदारी शुरू हो गई है। बकरीद के त्योहार के मद्देनजर दिल्ली गेट, निकासा समेत कई जगह सेवई की दुकानें सजी हैं। मैन बाजार में सभी कपड़े और रेडिमेड की दुकानों और मॉल से लोगों कपड़ों की खरीदारी शुरू कर दी है। रेडीमेड व्यापारी दीपक, मोनू ने बताया कि अब सहालग का अंतिम समय चल रहा है। सहालग की खरीदारी के लिए लोग गर्मी को देखते हुए कॉटन सूट, अंबरेला फ्रॉक की अधिक मांग कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र में कुर्बानी के बकरों को लेकर मुस्लिम समाज के लोग में बेहद उत्साहित हैं। कोई उन्हें सजाने में व्यस्त है तो कोई उन्हें अपने दोस्त जैसा समझ कर प्यार कर रहा ह

## भाकियू एकता के कार्यकर्ताओं ने उठाई जेवर टोल को फ्री किए जाने की मांग, उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**जेवर।** कस्बा स्थित कैम्प कार्यालय भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मासिक बैठक का आयोजन कर जेवर व क्षेत्र के किसानों मजदूरों एवं आमजन के लिए जेवर टोल को फ्री किए जाने के साथ-साथ किसानों की विभिन्न समस्याओं सम्बन्धित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी न्यायिक को देकर अति शीघ्र समाधान किए जाने की मांग उठाई।

झाझर रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम चन्द शर्मा ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे का निर्माण किए जाने से पूर्व जेवर क्षेत्र के लोगों नोएडा आदि स्थानों पर जाने के लिए सर्विस रोड़ दिए जाने का मसौदा बनाया गया था जिसमें कहा गया था कि यमुना एक्सप्रेसवे का निर्माण कराने वाली संस्था जेवर क्षेत्र के किसानों मजदूरों एवं आमजन मानस के लिए सर्विस रोड़ बनाकर देगी जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर जाने को टोल से मुक्त रख जा सके। उन्होंने कहा यमुना एक्सप्रेसवे को चालू हुए तकरीबन दो दशक से अधिक समय बीतने वाला हैं मगर अभी तक यमुना एक्सप्रेसवे का निर्माण करने वाली कम्पनी द्वारा सर्विस रोड़ का निर्माण नहीं किया गया है जिसकारण क्षेत्र के लोगों को टोल प्लाजा पर होकर गुजरना पड़ता है यहां उनसे टोल वसूली की जाती है उक्त कम्पनी या जेवर क्षेत्र की जनता के लिए सर्विस रोड़ का

## मण्डी समिति का चपरासी निलम्बित निरीक्षक के खिलाफ चल रही जांच

**जेवर।** व्यापारियों से अवैध उगाही कराने के मामले में विभागीय अधिकारियों द्वारा आरोपी मण्डी निरीक्षक के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं किए जाने तथा सभी आरोपों की जिम्मेदारी चपरासी राकेश कुमार पर ही थोप कर उसका निलम्बन किए जाने से गल्ला मण्डी व्यापार संघ के कार्यकर्ताओं में कृषि उत्पादन मण्डी समिति के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश पनपता जा रहा है गल्ला मण्डी व्यापार संघ के लोगों ने मण्डी निरीक्षक के खिलाफ उचित कार्यवाही किए जाने की मांग उठाते हुए कार्यवाही नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

गल्ला मण्डी व्यापार संघ जेवर के संरक्षक कुलदीप पंण्डित अध्यक्ष जैनेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी चपरासी राकेश कुमार के विरूद्ध निलम्बन सहित कई तरह की कार्यवाहियां की गयीं हैं। मगर जिस अधिकारी द्वारा उक्त चपरासी के माध्यम से व्यापारियों से अवैध उगाही कराई जा रही थी उस अधिकारी के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई मात्र उनका तबादला जेवर से जहॉगीरपुर अब जहॉगीरपुर से मेरठ के सरधना स्थित कृषि उत्पादन मण्डी समिति के लिए कर फिलहाल कार्यवाही के नाम पर इतिश्री की गई है। गल्ला मण्डी व्यापार संघ के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी भरे स्वर में बताते हुए कहा कि अगर वरिष्ट अधिकारियों द्वारा जल्दी ही भ्रष्ट रिश्वतखोर मण्डी निरीक्षक नरेश कुमार के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए निलम्बित किया जाए।

### 57 हिस्ट्रशीटरों की खंगाली कुंडली

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चल रहे इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत रविवार को शहर कोतवाली पुलिस ने 97 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन करते हुए उनसे जुड़ी पूरी जानकारी जुटाई। इसके अलावा वॉइस सैंपल लेकर आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज जमा कराए।

## डा. प्रकाश आर्य चुने गए आर्य समाज के प्रधान



शाह टाइम्स संवाददाता

**कोसीकलां।** आर्य समाज के वार्षिक चुनाव में डॉ. प्रकाश आर्य को प्रधान तथा सुरेंद्र आर्य को सर्व सम्मत्ति से मंत्री चुना गया। आर्य समाज मंदिर में शनिवार की रात्रि में डॉ. अमर सिंह पोनियां की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में संरक्षक ओमप्रकाश आर्य, डॉ प्रकाश आर्य प्रधान, अमित आर्य उप प्रधान, सुरेंद्र आर्य मंत्री, विनय आर्य उप मंत्री, महर्षि स्वामी दयानंद स्कूल प्रबंधक नरेंद्र आर्य, महर्षि दयानंद भवन प्रबंधक अजय आर्य, निरीक्षक अशोक आर्य, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश आर्य, औषधालय प्रबंधक योगेश आर्य चुने गए। इस अवसर पर शरद आर्य गिडोहिया, राजेंद्र आर्य, वेद प्रकाश आर्य, वीरेंद्र आर्य, विजय आर्य, सत्यदेव आर्य, गजेंद्र आर्य, महेश आर्य आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया

## बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी पकड़ा

**कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के गांव में एक 9 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर चालान कर दिया। बठैन गेट पुलिस चौकी के अंतर्गत एक गांव निवासी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके भाई के साले बल्लभगढ निवासी राहुल उसकी 9 वर्ष की पुत्री को रसोई में बुला लिया और रसोई का गेट बंद करके उसको गलत नीयत से पकड कर अश्लील हरकत करने कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका के शोर मचाने पर परिजन आ गए और बालिका ने पूरी घटना परिजनों को बता दी। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर पासको एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़कर चालान कर दिया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में बन रहीं आत्मनिर्भर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नौगांवा सादात।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जरूरत है उनकी प्रतिभा को पहचान उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सलाहकार समिति की सदस्य शहबाज शोहरत की ओर से नगर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं हैं तथा वह हवाई जहाज तक उड़ा रही हैं तथा सेना में भी अपना अहम् योगदान दे रही हैं। परन्तु इसके लिए जरूरी है कि उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की। उनकी सरकार लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो, शाहरजा शाही, मौलाना मसरूर, मौलाना रजा अब्बास, मौलाना आबिद, जकी शोहरत, मौलाना तालिब, नूर अब्बास राणा, गौहर, नसीम शोहरत, जीशान अख्तर, नईम हैदर, दानिश अंसारी, मिलन ढिल्लो आदि मौजूद रहे।




## पैसे के लेनदेन में भाई-बहन को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** वीडियो के पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों ने भाई बहन को पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगट कोला निवासी सुभाष पुत्र हरिश्चंद्र ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि उसकी बहन राकेश काफी समय से उनके घर पर रह रही है। गांव के कुछ लोगों से वीडियो के पैसे के लेन देन को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिस पर दबंगों ने भाई बहन को पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अरविंद सुशील विनोद व अजय पाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वनडे में 34 ओवर के बाद एक बॉल का इस्तेमाल होगा

**आईसीसी अगले महीने से नए नियम लागू करेगी, पांच कन्कशन रिप्लेशमेंट बताने होंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) टेस्ट और वनडे के कुछ नियमों में बदलाव करने जा रहा है। आईसीसी ने अपने मेंबर्स को भेजे गए मैसेज में कहा कि नए प्लेइंग-कंडीशन्स टेस्ट मैचों में जून से और व्हाइट बाल क्रिकेट में जुलाई से लागू होंगे।

नए नियमों में वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल, बाउंड्री पर कैच और कन्कशन रिप्लेसमेंट शामिल है। वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल अक्टूबर 2011 से वनडे में दो नई बाल का नियम लागू है। अभी वनडे में दो नई बाल का दोनों साइड से इस्तेमाल किया जाता है। आईसीसी के नए नियम के मुताबिक, 1 से 34 ओवर के लिए दो नई गेंदें होंगी। यानी एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी। फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद पारी के अंत तक दोनों एंड से इस्तेमाल की जाएंगी (जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न हो)। 34 ओवर पूरे होने के बाद और 35 ओवर की शुरुआत से पहले फील्डिंग टीम उन दो गेंदों में से एक का सिलेक्शन करेगी। कन्कशन रिप्लेसमेंट नियमों में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे।

टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक पेसर, एक स्पिनर और एक आलराउंडर रहेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी चोटिल हो जाता है, तो मैच रेफरी नया आप्शन चुन सकता है। दो नियम के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा आईसीसी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकाल में नियमों में बदलाव के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा। टेस्ट में जून और वनडे में जुलाई से लागू होंगे नियम टेस्ट क्रिकेट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले साइकिल (2025-27) से लागू होंगे। यह श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाल में 17 जून से होने वाले पहले टेस्ट के जरिए लागू होंगे।

# पीकेएल-12 की नीलामी में 10 खिलाड़ी बने करोड़पति

**● गुजरात जायंट्स ने दो बाद के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2.23 करोड़ में खरीदा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की रविवार को समाप्त हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 10 खिलाड़ी करोड़पति बने। गुजरात जायंट्स ने दो बार के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2-23 करोड़ रूपये में खरीदा। प्रो कबड्डी के 12वें सत्र के 12 प्रफेंचाइजियों ने दो दिन बोली गई।

इसके अलावा दो करोड़ क्लब में देवांक दलाल शामिल रहे, जिन्हें बंगाल वॉरियर्ज ने 2-205 करोड़ रूपये में साइन किया। दो दिनों तक चली नीलामी में इस बार एक नई फाइनल बिड मैच (एफबीएम) नीति को भी लागू किया गया, जिसके तहत टीमें अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों को नीलामी में लगी अंतिम बोली से मैच करके एक या दो सीजन के लिए दोबारा साइन कर सकती थीं। इस नियम के तहत पांच खिलाड़ी दो सत्र के लिए और नौ खिलाड़ी एक सत्र के लिए रिटेन किए गए। कैटेगरी सी ऑलराउंडर्स के लिए शानदार मौका साबित हुई, जहां नितिन रावल, गुरदीप और धीरेज को बड़ी बोलियाँ मिलीं। नितिन को जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50 लाख रूपये में साइन किया, गुरदीप को पुनेरी पलटन ने 47-10 लाख रुपये में खरीदा और धीरेज बेंगलुरु बुल्स की जर्सी पहनेंगे, जिन्हें 40-20 लाख रूपये की बोली मिली। हालांकि इस श्रेणी की सबसे ऊंची बोली रेडर आकाश लशदे के नाम रही, जो 53-10 लाख रूपये में बेंगलुरु बुल्स में शामिल हुए। खिलाड़ियों नीलामी की सबसे चौंकाने वाली बोली कैटेगरी डी में देखने को मिली, जब यू मुंबा ने हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर अनिल मोहन को 78 लाख रूपये की रिकॉर्ड तोड़ बोली में साइन किया। खास बात यह है कि पीकेएल इतिहास में कैटेगरी डी की यह सबसे बड़ी बोली है। अनिल मोहन ने नीलामी के दूसरे दिन दोनों कैटेगरी में सबसे बड़ी बोली पाई। उनके बाद कैटेगरी डी में दूसरी सबसे बड़ी बोली उदय पार्टे को मिली, जिन्हें जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50-10 लाख रूपये में खरीदा। नीलामी को लेकर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, ह्यह बहुत सकारात्मक है कि पीकेएल 12 की नीलामी के पहले दिन की गति दूसरे दिन भी बरकरार रही। टीमों ने कैटेगरी सी और डी में गहरी रुचि दिखाई है, विशेष रूप से पीकेएल डेब्यूटेंट आनिल मोहन के लिए 78 लाख की बोली से, जो कैटेगरी डी के लिए हमारी लीग के इतिहास की सबसे ऊंची बोली है। ऐसे नए खिलाड़ी अक्सर टीम की रीढ़ बनते हैं, और उनके विकास में निवेश करना प्रतिस्पर्धी टीमों के निर्माण के लिए आवश्यक है। निश्चित रूप से, इस सीज़न में 10 'करोड़पति' खिलाड़ियों का उभरना एक संतुलित बाजार को दर्शाता है।

## कैटेगरी ए के शीर्ष पांच खिलाड़ी

मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह (ईरान) 2-23 करोड़ रूपये गुजरात जायंट्स, देवांक दलाल (भारत) – 2-203 करोड़ रूपये बंगाल वॉरियर्ज, आशु मलिक (भारत) 1-90 करोड़ रूपये दबंग दिल्ली, अर्जुन देशवाल (भारत) 1-405 करोड़ रूपये तमिल थलाइवाज, योगेश विजेंद्र दहिया (भारत) 1-125 करोड़ रूपये बेंगलुरु बुल्स।

## कैटेगरी बी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

अंकित जगलान (भारत) 1-573 करोड़ रूपये पटना पाइरेट्स, नवीन संसार सिंह कुमार (भारत)1-20 करोड़ रूपये हरियाणा स्टीलर्स, गुमान सिंह (भारत) 1-073 करोड़ रूपये यूपी योद्धाज सचिन तंवर (भारत) 1-058 करोड़ रूपये पुनेरी पलटन, नितिन कुमार धनखड़ (भारत) 1-002 करोड़ रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स।

## कैटेगरी सी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

आकाश संतोष शिंदे (भारत) 53-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स, नितिन रावल (भारत) 50 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, संदीप कुमार (भारत) 49 लाख रूपये यू मुंबा, गुरदीप (भारत) 47-10 लाख रूपये पुनेरी पलटन, धीरेज (भारत) 40-20 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स

## कैटेगरी डी के शीर्ष खिलाड़ी

अनिल मोहन (भारत) 78 लाख रूपये यू मुंबा, उदय पार्टे (भारत) 50-10 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, शुभम बिटाके (भारत) 9-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स।



# मनीष-सृष्टि की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

**■ रुद्रांश और सुमेधा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

# रीतिका हुड्डा ने फ्रीस्टाइल श्रेणी में जीता सोना

**■ रितिका ने नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की**

**उलानबटार, वार्ता।** उलानबटार ओपन 2025 रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली 22 वर्षीय भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा ने शनिवार को नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की, जिसका समापन अंतिम पूल मैच में घरेलू पसंदीदा और एनख-अमरिन दावानासन के खिलाफ 5-2 से जीत के साथ हुआ। इस दिन भारत ने अपने खाते में चार और पदक जोड़े। दीपक पुनिया ने (पुरुषों की 92 किग्रा), शिक्षा ने (महिलाओं की 65 किग्रा) और पुष्पा ने (महिलाओं की 55 किग्रा) में एक-एक रजत



और जयदीप ने (पुरुषों की 74 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें मंगोलिया के डेमचिगदोर तुमुरबाटर पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता और बैट-एर्डीन ब्याम्बासुरेन पर 4-1 के कड़े मुकाबले में जीत शामिल है। हालांकि, चोट के कारण उन्हें अस्काब सादुलाएव के खिलाफ अपने अंतिम मैच से हटाने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से 5-3 से हार गए। कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुग्सजार्गल एर्डेनेबैट को हराया। इस बीच, शिक्षा और पुष्पा दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुष्पा ने शुरुआती हार से उबरते हुए मंगोलिया की दुलगुन बोलोरमा को मात दी और ओटगोंटुया बयानमुंख को हराया। लेकिन आखिर में स्वर्ण पदक से चूक गईं। शिक्षा ने महिलाओं की 65 किग्रा नॉर्डिक सिस्टम में चार मुकाबलों में तीन जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहीं। एशियन चैंपियन मनीषा भानवाला महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में ग्रुप स्टेज में बाहर हो गईं। उन्होंने अलीना कासाबीवा के खिलाफ एक प्रभावशाली शुरुआती जीत दर्ज की, लेकिन मंगोलिया की पूर्व विश्व चैंपियन ओरखोन पुरेवदोरज से हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती टूर्नामेंट में अब भारत के पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुक. ाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। यहां खेले गए मुक. ाबले में भारतीय टीम की उपकप्तान हिना ने (10वें) व लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोल. कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुक. ाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए।

**खेल विशेष**

## पाओलिनी को हराकर स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस, वार्ता।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले साल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फेंच ओपन के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में यूक्रेन की 30 वर्षीय खिलाड़ी स्वितोलिना ने जैस्मीन पोओलिनी को 6-4 6-7 (6) 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि मुझे कभी विश्वास नहीं था कि यह मैच मेरे पक्ष में जाएगा। यह वास्तव में एक कठिन मैच था, जैस्मीन वास्तव में बहुत अच्छा खेल रही थी। मुझे आखिरी पॉइंट तक लड़ना पड़ा और मैं अगले दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

## इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गए मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

# अनऑफिशियल टेस्ट में करुण नायर का दोहरा शतक

**■ इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए 557 रन बनाकर ऑलआउट**

**कैंटरबरी, वार्ता।** अनआफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 557 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नंबर-3 पर उतरे करुण नायर 204 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज खान ने 92 और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने 94 रन बनाए।

भारत ने 125.1 ओवर बैटिंग की कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस ने टास जीतकर बालिंग चुनी थी। भारत ने पहले दिन 3 ही विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए थे। करुण नायर 186 और जुरेल 82 रन बनाकर नाटआउट लौटे थे। दूसरे दिन नायर ने दोहरा शतक लगा दिया, लेकिन जुरेल संेचुरी पूरी नहीं कर सके। शार्दूल ठाकुर ने 27, हर्ष दुबे ने 32, अंशुल कम्बोज ने 23 और हर्षित राणा ने 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 557 रन तक पहुंचाया। इंडिया-ए ने 125.1 ओवर बैटिंग की और पहली पारी में 557 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हल और अख्तर को 3-3 विकेट इंग्लैंड लायंस से जोश हल और जमान अख्तर ने 3-3 विकेट लिए।

एडी जैक को 2 विकेट मिले। रेहान और अजीत ने 1-1 विकेट लिया। डैन और टाम हैंन्स को कोई विकेट नहीं मिला। कम्बोज ने पहला विकेट लिया दूसरे दिन ही इंग्लैंड लायंस ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी। बेन मैकिनी 16 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें अंशुल ने बोल्ड कर दिया। दूसरा सेशन खत्म होने तक लायंस ने 1 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। टाम हैंस 25 व एमिलियो गे 28 रन बनाकर नाटआउट रहे।

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

**■ फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में पाच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबा. इल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।



# फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जोकोविच

**पेरिस, वार्ता।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए तीसरे दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन में यह जो. कोविच की 99वीं जीत है। वह ऑस्ट्रेलिया ओपन में 99 मैच जीत चुके है। जोकोवि का प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के कैम नोरी से मुकाबला होगा।

# रिंकु सिंह और सांसद प्रिया सरोज 18 नवम्बर को करेंगे शादी



**वाराणसी, वार्ता।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है।

शादी 18 नवम्बर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी।

**■ रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी**

इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।

विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सचिन ने जीता सिल्वर

**● जेवलिन इवेंट में 85.16 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया, पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम गोल्ड**



**साउथ कोरिया, वार्ता।** एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के सचिन यादव ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। शनिवार को जेवलिन इवेंट में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.40 मीटर का आखिरी थ्रो फेंककर गोल्ड जीता।

साउथ कोरिया के गुमी में हो रहे टूर्नामेंट में भारत पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर हैं। देश के 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रान्ज सहित 24 मेडल हो गए हैं। शुरुआत में भारत के सचिन यादव मेडल की दौड़ से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अंतिम 2 थ्रो में 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता।

सचिन के अलावा, यशवीर सिंह 82.57 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के साथ 5वें स्थान पर रहे। सचिन यादव और यशवीर सिंह अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के बावजूद वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाए। इसके लिए एथलीट को मिनिमम 85.50 मीटर थ्रो की आवश्यकता होती है।

पेरिस ओलिंपिक 2024 में गोल्ड जीतने के बाद अरशद नदीम की यह पहली प्रतियोगिता थी। उन्होंने 86.34 मीटर के थ्रो के साथ हीट में टाप स्थान हासिल करके इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में, अरशद के पहले दो थ्रो निराशा. जनक रहे, लेकिन उन्होंने दिन के अपने तीसरे थ्रो के साथ 85 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद से, वे बढ़त में बने रहे और गोल्ड जीता। वहीं नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग इवेंट के लिए इस टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस 200 मीटर के फाइनल में ब्रान्ज मेडल जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रान्ज अपने नाम किया। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकेंड का नया नेशनल रिकार्ड बनाया। इस 21 साल के प्लेयर ने 20.40 सेकेंड का अपना पिछला रिकार्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा ने 20.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी के अब्दुल अजीज अताफी (20.31 सेकेंड) ने सिल्वर जीता।

# सम्पादकीय

सोमवार, 2 जून 2025

## ट्रम्प का शगूफा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत-पाक के बीच सीजफायर को लेकर श्रेय लेने का शगूफा छोड़ दिया। ऐसा उन्होंने एक बार नहीं एक दिन में दो बार किया। कुल मिलाकर बात करें, तो यह 11वां मौका था जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से यह कहते दिखाई दिए कि उन्होंने ही दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया था। वह यहीं नहीं रुकते, जो सबसे बड़ी बात वह कहते हैं वह यह कि अमेरिका से ट्रेड की धमकी देकर वह संभावित युद्ध को रोकने में सफल रहे। मतलब साफ है कि इस बात से वह यह कहना चाह रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए न भारत तैयार था न पाक। अमेरिका से व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों को सीजफायर करने के लिए विवश होने पर मजबूर कर गई। जहां तक बात भारत की है, भारत अपनी तरफ से कई बार यह सफाई दे चुका है कि सीजफायर का फैसला भारत और पाक के बीच ही वार्ता में तय हो पाया था और तीसरे देश की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प हैं कि चुप होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह अमे. रिका में ही नहीं बल्कि अमेरिका से बाहर जाकर अपने दौरे में भी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वह कतर व सऊदी की यात्रा पर आए थे तब भी उन्होंने यह राग अलापा था। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के लिए बड़ी असहज स्थिति है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ट्रम्प की इन बयानबाजियों को लेकर सरकार पर निशाना साध रहा है, जोकि स्वाभाविक ही है। जयराम रमेश व पवन खेड़ा जैसे कांग्रेसी नेता खुलकर प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में घेर रहे हैं। वह इस पूरे प्रकरण पर सरकार की चुप्पी विशेषकर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सरकार इस मामले में खुलकर अपनी राय नहीं रख पा रही है। विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार बताए कि अमेरिकी राष्ट्रपति को मध्यस्थता के लिए किसने कहा था और यदि वह अपनी ओर से कह रहे हैं तो सरकार को बाकायदा अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए और ट्रम्प से कहना चाहिए कि वह इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। यह समझना भी बेहद कठिन है कि आखिर ट्रम्प भारत के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों कर रहे हैं और बार-बार उनको यह कहने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जाहिर है वह कोई भी ऐसा मौका नहीं गवा रहे हैं, जिससे भारत की परेशानी बढ़े। विशेषकर मोदी को लेकर वह ज्यादा ही विमुख होते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफ वह उनको अपना दोस्त भी बताते हैं, उनकी प्रशंसा भी करते हैं लेकिन दूसरी तरफ इस तरह की बातें भी करते हैं, जिससे पीएम मोदी के सामने असहजता की स्थिति उत्पन्न हो। जाहिर है, अमेरिकी राष्ट्रपति दोहरा गेम खेल रहे हैं। वह भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की बात तो कह ही रहे हैं, साथ ही भारत व पाक को एक ही नजरिये से देख रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सतर्कता के साथ पूरे मामले से निपटने की जरूरत है।

## कश्मीर को दोस्ती और समझ का पुल बनाएं



जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए, जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है, हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है, पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है, हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी, हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, पर वहां के लोगों से नहीं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी**

## नीचता, गलीचता से महानता तक

घटिया, नीच और गलीच की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में प्रेम और तर्क खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक सीवेज चिंतन वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानो किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन प्रेम के शुक्ल पक्ष में खोल दिया हो। ऐसा प्रेममई मुंह और उससे रिसती मवादीय भाषा ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।


प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगिरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत प्रेममई भाषा में जवाब आ जाता है। हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है। कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है। कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी प्रेममई भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पाएगा? जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट प्रेममई किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है, क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में भाषाई फूहड़ आतंकवादियों का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है, चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं यह गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है, लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका? इनके एक बहादुरकर ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे। सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी?

प्रेमभाषा से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त हिन्दू राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किए गए? मानस संगठन के प्रथम अगुवा ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेई के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरा. ेध क्यों किया? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? यह हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है प्रेमो टाइप्स चेपुओं के पास नहीं हैं। आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ। यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां। तेरी चाची। तेरी बहन जी के अलावा। भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है, लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28 प्रतिशत अधिक है। भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52 प्रतिशत अधिक है। है कोई जवाब या वही एक प्रेमामई शब्द है तेरी। चाल, चरित्र और चिंतन के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं। सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए। पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल महंगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? एक पेड़ मां के नाम का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले सच से असहज होकर सीधे तेरी मां, तेरी चाची। तेरी बहन... की प्रेमकथा वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सवाल

- **एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे?**
- **नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे?**
- **रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों?**
- **राफेल महंगा क्यों खरीदा गया?**
- **France से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की?**
- **गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों?**
- **सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है?**
- **एक पेड़ मां के नाम का धोखा और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ?**
- **बेरोजगारी चरम पर क्यों?**
- **4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं?**
- **महंगाई पर लगाम क्यों नहीं?**
- **शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है?**
- **हर ओर निजीकरण क्यों?**





पवन सिंह

## देश की रक्षा परियोजनाओं में देरी क्यों

**एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान ने रक्षा क्षेत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स में यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए। सिंह ने सुझाव दिया कि हमें वही वादा करना चाहिए जो हम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले गहन तकनीकी और लॉजिस्टिकल मूल्यांकन की आवश्यकता है। AMCA प्रोजेक्ट में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक सकारात्मक कदम है। निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन में और अधिक शामिल करने से HAL और क्त्क० पर निर्भरता कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। HAL और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को 'मिशन मोड' में काम करने के लिए संगठनात्मक सुधार करने चाहिए। इसके लिए समन्वय, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कर्मचारी प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है।**



विनीत नारायण

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं। यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान AMCA जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय जीत करार दिया। उनके बयान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहली बार नहीं है जब HAL की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने HAL के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, मुझे HAL पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।

यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने HAL की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने HAL को मिशन मोड में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि HAL के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय की कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है। यह एक गहरी सांस्कृतिक समस्या को दर्शाता है, जहां जवाबदेही की कमी है। हालांकि सरकार ने AMCA जैसे प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है, लेकिन अभी तक रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका सीमित रही है। इससे HAL और DRDO जैसे सार्वजनिक उपक्रमों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ती है, जो अक्सर समय सीमा पूरी करने में विफल रहते हैं। भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा, डिजाइन और विकास में देरी, जैसे कि तेजस Mk 2 और AMCA के प्रोटोटाइप की कमी, परियोजनाओं को और पीछे धकेलती है। रक्षा परियोजनाओं में देरी का भारतीय वायुसेना की परिचालन तत्परता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना के पास 42।5 स्क्वाड्रनों की स्वीकृत ताकत के मुकाबले केवल 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं। तेजस Mk1A जैसे स्वदेशी विमानों की देरी और पुराने मिग-21 स्क्वाड्रनों का डीकमीशनिंग इस कमी को और गंभीर बनाता है। इसके अलावा, देरी से रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा, हमें केवल भारत में उत्पादन की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि डिजाइन और विकास भी भारत में करना चाहिए। देरी न केवल भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को कमजोर करती है, बल्कि रक्षा उद्योग में विश्वास को भी प्रभावित करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे हालिया सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट किया है कि आधुनिक युद्ध में हवाई शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसके लिए समय पर डिलीवरी और तकनीकी उन्नति अनिवार्य है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति



तनवीर जाफरी

पहलगाम में हुए पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊंचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है, परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाए जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किए जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुन: शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आंखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिए हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।




पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक्त ही हमें पता होता है कि यह सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि-मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था, जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है, परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिए चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 % पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थाई समिति को दी गई जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज़्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थाई रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपए और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किए जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थाई सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थाई नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्एक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाए सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाए और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूक्रेन पर रूसी प्रहार, गाजा में इजरायली बर्बरता, दुनिया हैरान


## चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कालेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा: चीन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं।

वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कामर्स, इना.वेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा: वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा: आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना

**पाक के प्रधानमंत्री ने कहा: आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं**

चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बात.चीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कालेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।



## रूस ने किया तीन वर्षों में सबसे बड़ा अटैक

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही



**यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे सात मिसाइलें भी दागी मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत**

है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है।

## गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली-जानकारी नहीं-

गाजा। रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजरायली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कारिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के दौरान हुई गोल.ीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फलस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी



**232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली: जानकारी नहीं**

संख्या में लोग राफा इलाके में खाने की मदद लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में कुल 179 लोग हताहत हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में भारी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। इजरायली सेना ने जवाब में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रासिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं।

आईसीटी के प्रासिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे।

इस कार्यवाही को बांग्लादेश के सरकारी न्यूज चैनल बीटीडब्ल्यू पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रति.बंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान



**बांग्लादेश में ट्रायल TV पर लाइव दिखा रहे तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना**

दिए। लाहौर में समर्थकों को संबो.धित करते हुए कसूरी ने कहा मैं चार साल का था जब 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को हमने 1971 का बदला ले लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।

## जेल में रहकर बाप बना आतंकी लखवी: ओवैसी

### आईएमआईएम चीफ ने अल्जीरिया में कहा: आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाक

**अल्जीरिया।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का बाप बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहा: एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए बाप बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का बाप बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने विश्व समुदाय और एफएटीएफ से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बता दें कि ओवैसी मोदी सरकार के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। फिलहाल वे



**एफएटीएफ इसे फिर ग्रे लिस्ट में डाले**

अल्जीरिया के दौरे पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को मारना तो इस्लाम की शिक्षा के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान 'तकफीरवाद (इस्लाम का दुश्मन)' का केंद्र बन चुका है। वहां के आतंकी संगठनों की विचारधारा में और आईएसआईएस, अल-कायदा की विचारधारा में कोई फर्क नहीं है। वे मानते हैं कि उनके पास धार्मिक वैधता है, जो पूरी तरह गलत है। इस्लाम किसी की हत्या की अनुमति नहीं देता, लेकिन उनकी विचारधारा बन गई है। ओवैसी ने कहा कि भारत और अल्जीरिया ने नवम्बर 2024 में एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मुझे यकीन है कि इससे हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत जल्द अल्जीरिया आएंगे और अल्जीरिया के राष्ट्रपति भारत आएंगे। ओवैसी ने बताया कि भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की रात आपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ओवैसी ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाएगा, वो आतंकवादी है। आतंकवाद पूरी दुनिया का मसला है। किसी भी आतंकवादी को कहीं कोई जगह नहीं दी जा सकती। ओवैसी वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इनके अलावा निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला भी इसमें शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों के दौरे पर था।

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नए प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमे.रिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।



**नई दिल्ली। अदालत के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद भारी सुरक्षा तैनाती के बीच जंगपुरा के मद्रासी कैंप में झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त करते बुलडोजर।**

## कामिल इदरीस ने ली सूडान के पीएम पद की शपथ

**खार्तूम।** कामिल इदरीस ने सूडान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इदरीश ने सत्तारूढ़ संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के समक्ष शपथ ली। परिषद ने एक बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुरहान और परिषद अन्य सदस्यों ने इदरीस से मुलाकात की और सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, जिसमें अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, नागरिक आजीविका की रक्षा करना और राज्यों में व्यवस्था बहाल करना शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में इदरीस की नियुक्ति 19 मई को बुरहान द्वारा जारी एक संवैधानिक डिक्री के माध्यम से औपचारिक रूप से की गई थी। बुरहान सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर के रूप में भी कार्य करते हैं। इस निर्णय का संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ आयोग एवं विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने स्वागत

**जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से पीएम का पद खाली था**

किया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट करने और जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से प्रधानमंत्री का पद खाली था। हमदोक और अन्य नागरिक नेताओं को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। इसके कुछ बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था और कहा था कि सूडान एक 'खतरनाक मोड़' पर है क्योंकि सैन्य शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून में डॉक्टरेट की डिग्री रखने वाले इदरीस ने पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के महानिद.ेशक और पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया है।

## रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल

**मास्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि ब्रांस्क क्षेत्र के विगोनिचस्की जिले में एक पुल ढह गया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और 30 लोग घायल हुए हैं। मास्को रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार क्लिमोव-मास्को मार्ग पर यात्री ट्रेन नंबर 86 के लोकोमोटिव और डिब्बे परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण यह हादसा हुआ।

## म्यांमार ने की अस्थायी युद्धविराम बढ़ाने की घोषणा

**यांगून।** म्यांमार के रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के कार्यालय ने शनिवार को अस्थाई युद्धविराम को 30 जून तक बढ़ाने की घोषणा की।

सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक 'द मिरर' ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से शुरू होने वाले इस विस्तार का उद्देश्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना, देश और उसके लोगों के हितों की सेवा करना और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देना है। इससे पहले म्यांमार सशस्त्र बलों ने 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद बचाव और राहत कार्य में मदद के लिए छह से 31 मई तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। रिपोर्ट केव अनुसार, युद्धविराम के दौरान जातीय सशस्त्र संगठनों और अन्य सशस्त्र समूहों से आग्रह किया गया है कि वे जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार मार्गों को बाधित या उनपर हमला न करें, नागरिकों के जीवन और संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं या नष्ट न करें, सुरक्षा कर्मियों और उनके शि.विरों पर हमला न करें, सैन्य कमांड को निशाना न बनाएं, शांति को कमजोर करने वाले बलों की भर्ती या लामबंदी न करें और क्षेत्रों का विस्तार न करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि ऐसी कोई कार्रवाई होती है तो म्यांमार सशस्त्र बल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिक्रियात्मक कदम उठाएंगे।

## ईरान एटम बम बनाने के बेहद करीब पहुंचा

### मिलिट्री ग्रेड यूरेनियम का स्टाक बढ़ाया, यूएस की निगरानी एजेंसी का दावा

**तेहरान/न्यूयार्क।** ईरान एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र की एटमी निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी आईएईए ने एक गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया है कि ईरान ने मिलिट्री ग्रेड यानी 60 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम का स्टाक बढ़ा दिया है। यह यूरेनियम एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब माना जाता है।

एजेंसी ने ईरान से सहयोग बढ़ाने और अपनी नीति में बदलाव की अपील की है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच एटमी समझौते को फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वहीं इजरायल ने कहा कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान एटमी हथियार बनाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे तुरंत



**इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है**

रोकने की अपील की है। अगर ईरान एटमी हथियार बना लेता है तो वह ऐसा करने वाला 10वां देश होगा। दुनिया में सबसे ज्यादा एटमी हथियार रूस के पास हैं। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता वाला करीब 408.6 किलो यूरेनियम था। यह मात्रा फरवरी की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा है। यूरेनियम को जब ज्यादा शुद्ध किया जाता है, तो वह हथियार बनाने के लायक बन जाता है। 90 प्रतिशत शुद्ध यूरेनियम को हथियार-ग्रेड यानी एटमी बम बनाने लायक माना जाता है। 60 प्रतिशत पर पहुंच जाने का मतलब यह है कि ईरान अब उस स्तर से सिर्फ एक कदम पीछे है। आईएईए ने यह भी बताया कि अगर ईरान 60 प्रतिशत वाले करीब 42 किलो यूरेनियम को और ज्यादा शुद्ध कर दे, तो उससे एक एटमी बम बनाया जा सकता है। फिलहाल ईरान के पास कुल मिलाकर 9247.6 किलो समृद्ध यूरेनियम है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसका एटमी कार्यक्रम बम बनाने के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों, जैसे बिजली बनाने या चिकित्सा के लिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और एटमी ऊर्जा संगठन ने इस रिपोर्ट को गलत और पक्षपातपूर्ण बताया।

## युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा हमास: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है।

यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमे.रिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया कि हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी

**हमने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है: हमास**

कार्रवाई जारी रखेगा। हमास ने हालांकि कहा कि उसने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है, लेकिन लंबे समय तक युद्ध विराम की मांग सहित इसमें संशोधन की मांग भी की है। विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमास के जवाब को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया और समूह से आगे की वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रूपरेखा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम आने वाले दिनों में 60-दिवसीय युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता शेष बंधकों में से आधे की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें मृत व्यक्ति भी शामिल हैं और स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत का द्वार खोलेगा। अमे.रिका द्वारा समर्थित प्रस्ताव में लड़ाई में 60-दिवसीय विराम, गाजा में अभी भी बंद 58 बंधकों में से 28 की रिहाई, 1200 से अधिक फलस्तीनी कैदियों का आदान-प्रदान और एन्क्लेव में मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल है। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिक.ारी बासम नैम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि समूह ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

## शांति के बजाय हम पर दबाव बढ़ा रहा फ्रांस: रूस

**मॉस्को/पेरिस।** रूस ने कहा है कि फ्रांस शांति की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि उसके ऊपर दबाव बढ़ा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी पत्रकार पावेल ज़ारुबिन से कहा कि फ्रांस शांति की राह पर नहीं है। फ्रांस रूस पर दबाव बढ़ाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वास्तविक स्थिति को नहीं समझ पाए और उनका मानना था कि दबाव उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि केवल इस बात पर खेद व्यक्त किया जा सकता है कि फ्रांसीसी राष्ट्र के प्रमुख वास्तविक स्थिति को नहीं समझते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने बार-बार रूस विरोधी बयान और प्रस्ताव दिए हैं।